महोदय, इनका असली चेहरा है। महोदय, यह असली चेहरा सामने आ रहा है क्योंकि किसी गरीब को, किसी वंचित को शासन की योजनाएं मिलें, उसमें जो सबसे बड़ी बाधा थी, ये चेहरे अपने आप सामने दिखाई दे रहे हैं। ये चाहते ही नहीं हैं कि गरीब को इन सुविधाओं का लाभ मिले। यह सच्चाई सामने आ सके, इस दृष्टि से ये लोग किस तरीके से शासन की योजनाओं में बाधक बनते हैं और गरीब तथा वंचितों के लाभ में डकैती डालते हैं, इस बात का उदाहरण ये लोग हैं जो नमूने के रूप में सामने दिखाई दे रहे हैं। महोदय, आयुष्मान भारत, 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का कवर दिया जा रहा है। यह गरीबों के लिये, वंचितों के लिये प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा दिया गया स्वास्थ्य

बीमा का एक कवर है जो आजादी के बाद पहली बार हुआ है और दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा की योजना है। महोदय, हर गरीब को शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेद-भाव के दे सकें।

श्री लाल जी वर्मा-

इसका इससे कोई सम्बन्ध नहीं है।

श्री योगी आदित्यनाथ-

वर्मा जी, इसका सम्बन्ध है। इसलिये सम्बन्ध है क्योंकि आप लोगों ने वोट बैंक बनाया है। यहां वोट बैंक नहीं बनाया गया है, बल्कि शासन की योजनाओं को उन तक पहुंचाने का कार्य किया गया है इसलिये इसके बारे में सरकार को कहने का पूरा अधिकार है। महोदय, मुझे इनसे केवल दो विषय पूछने हैं और मैं पूछना चाहता हूं कि ये जो 'सबका' बनते हैं, 'स' से 'सपा', 'ब' से 'बसपा' 'का' से 'कांग्रेस'। ये प्रदेश के दलितों और वंचितों के सबसे बड़े विरोधी रहे हैं। महोदय, मैं पूछना चाहता हूं कि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर और कांशीराम जी के नाम पर बने हुए स्मारक और उनके नाम पर प्रदेश के पैसे से बने हुए स्थलों का नाम बदलने का काम किसने किया था, बसपा इस पर क्यों मौन है, सपा से इसके बारे में पूछे, ये हमने नहीं किया है। ये काम आपके ही पार्टनर, समाजवादी पार्टी ने किया था। आप उनसे यह प्रश्न कभी नहीं पूछ सकते हैं। महोदय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रों की छात्रवृत्ति समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2016-17 में दिया ही नहीं। जब मार्च, 2017 में हमारी सरकार आई तब हमने पूरी की पूरी छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रों को देने का काम किया, तो क्या इन्हें इस पर बोलने का अधिकार है ? ये लोग इस पर उपदेश देते हैं, यानि सच्चाई स्वीकार भी नहीं करेंगे। अगर गरीब को आवास, शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन मिल रहे हैं, तो इनको बुरा लग रहा है। अगर हम कोई अन्य योजना का लाभ दे रहे हैं, स्वास्थ्य बीमा का कवर दे रहे हैं, तो भी इन्हें बुरा लग रहा है और जब इनकी असलियत खोल दी जाती है तब ये अपना मुंह दिखाने लायक स्थिति में नहीं रहते हैं। महोदय, यही स्थिति इन्होंने पैदा की है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो कहती है, वह करके दिखाती है और हमने जो कहा है, वह करके दिखाया है। हमने कभी योजना के नाम पर, जाति, क्षेत्र, मजहब, भाषा के नाम पर भेद-भाव नहीं किया, लेकिन बिना भेद-भाव के संविधान प्रदत्त अधिकार लोगों को प्राप्त हो, यह सरकार इसके लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है और देश की संसद के द्वारा जो प्रस्ताव पारित किया गया है, उस संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिये ही, समर्थन देने के लिये ही आज हम सब यहां पर एकत्र हैं। मैं पूरे सदन से अपील करूंगा कि संसद सर्वसम्मत से इस प्रस्ताव को पारित किया है और उत्तर प्रदेश विधान सभा भी सर्वसम्मत से इसको पारित करे और गरीबों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों और वनवासियों के लिये भी

हम लोग अपनी उस प्रतिबद्धता को, जो भारत के संविधान के द्वारा पारित प्रस्ताव है, उसके साथ अपने आपको सम्बद्ध कर सकें, इस दृष्टि से मैं पूरे सदन से अपील करूंगा कि सर्वसम्मत से यह प्रस्ताव पारित होना चाहिये, इसमें किसी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिये, यह अपील मुझे यहां पर करनी थी। मैं एक बार पुनः आपका बहुत आभार व्यक्त करता हूं कि आपने इस वर्ष 2019 को उत्तर प्रदेश विधायिका की दृष्टि से महत्वपूर्ण वर्ष बनाया है और कई विशेष सत्र प्रारम्भ किये। एस0डी0जी0 गरीबों के लिये ही था। सबको स्वास्थ्य की सुविधा, सबको शिक्षा की व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराया जा सके, यह एस0डी0जी0 के माध्यम से, इस सदन के माध्यम से चर्चा हुई जो लोग चर्चा में भाग नहीं लिये, स्वाभावित रूप से वह स्वयं भी उन गरीबों, दलितों और वंचितों के विरोधी थे। हम लोगों ने बापू की 150वीं जयन्ती के अवसर पर 02 अक्टूबर को विशेष सत्र आहूत किया था और बापू जी को उस सत्र के माध्यम से, एस0डी0जी0 के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। इसके उपरान्त भी विशेष सत्र अन्य मुद्दों पर बुलाये गये और आज भी संविधान दिवस पर बाबा साहब डा0 भीमराव आम्बेडकर जी के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप 26 नवम्बर को आहूत किया था और आज जब वर्ष 2019 का यह अन्तिम कार्य-दिवस है, इस अन्तिम कार्य-दिवस पर भी यह विशेष सत्र आहूत करके उत्तर प्रदेश विधान मण्डल ने एक नया रिकार्ड बनाया है, इसके लिये मैं आपका भी अभिनन्दन करता हूं। विधान मण्डल से जुड़े हुए हमारे जितने भी अधिकारीगण हैं, विधान सभा और विधान परिषद् से जुड़े हुए जितने भी अधिकारी/कर्मचारी हैं सभी ने जिस मनोयोग के साथ इस पूरे कार्यक्रम के साथ जुड़कर इसे सफल बनाया है, उन सबको भी हृदय से धन्यवाद देते हुए मैं चाहूंगा कि पूरा सदन सर्वसम्मति से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के उन समुदायों का समुचित प्रतिनिधित्व विधायिका में दिया जा सके, इस दृष्टि से जो एक प्रस्ताव संसद के द्वारा पारित किया गया है इसको हम सब अपना समर्थन दें। मुझे यही कहना था, धन्यवाद।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, इसका तो समर्थन हम लोगों ने पहले ही कर दिया और इस पर डिबेट नहीं होना था इसलिये हमने केवल सुझाव दिये थे। 'चले थे हरि भजन को, ओटन लगे कपास'। मुख्य मंत्री जी भाषण देने लगे।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

अध्यक्ष जी, यह क्या कर रहे हैं ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

इन्होंने क्या किया ? आप बैठिये। माननीय अध्यक्ष जी, अगर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का सबसे बड़ा कोई विरोधी है तो भारतीय जनता पार्टी है।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

छात्रवृत्ति न देना, छात्रवृत्ति गोल कर देना यह समर्थन है ?

(प्रतिपक्ष के कई मा0 सदस्यों के एक साथ खड़े होकर बोलने का प्रयास करने पर शोर)

श्री राम गोविन्द चौधरी-

अध्यक्ष जी, बाबू जगजीवन राम जी की मूर्ति को माला पहनाया गया तो उसको गंगाजल से धोया किसने ? आप अनुसूचित जाति के सबसे बड़े विरोधी हैं।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

माननीय अध्यक्ष जी, एक निरर्थक बहस मा0 नेता प्रतिपक्ष ने चालू की है। मेरा आपसे अनुरोध है कि आप पीछे की परम्परा देख लें। जब कभी यह प्रस्ताव आया है, तो उसके ऊपर कोई चर्चा नहीं हुई है।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

अध्यक्ष जी, जब तक नेता सदन बोले हैं कोई भी विपक्ष का सदस्य खड़ा नहीं हुआ है। यह क्या कर रहे हैं ? माननीय अध्यक्ष जी, मुंह में राम बगल में छूरी।

श्री अध्यक्ष-

अब आपकी बात आ गई।

(सत्तापक्ष के कई सदस्यों के खड़े होकर बोलने का प्रयास करने पर शोर)

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, ये लोग दलित वर्ग का छुआ हुआ पानी नहीं पीते हैं। आपने माननीय नेता सदन को सुना।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

विषय के अतिरिक्त नहीं बोला गया।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, पहले इनको बैठाइये। मा0 नेता सदन जब बोल रहे थे तो विपक्ष का कोई आदमी खड़ा नहीं हुआ था।

(कई सदस्यों के एक साथ बोलने पर शोर)

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

इसमें कोई चर्चा की बात ही नहीं है।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, मैंने केवल सुझाव दिया था और अब फिर आपके माध्यम से मैं सुझाव देना चाहता हूं। बिल पेश किया गया, मैंने उसका समर्थन किया और कुछ सुझाव दिये।

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

विषय से हटकर बोलने की शुरुआत किसने की ? पूरा सदन साक्षी है, विषय से हटकर बात करने की शुरुआत आपने की। विषय से कौन हटा ?

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मैंने भाषण नहीं दिया और न ही मैं घर बनवा रहा था, न टॉयलेट बनवा रहा था।

(मा0 अध्यक्ष के खड़े होने पर नेता प्रतिपक्ष सहित सभी सदस्य बैठ गये।)

श्री अध्यक्ष-

माननीय नेता प्रतिपक्ष पहले बोले, फिर मा0 वर्मा जी बोले उसके बाद सुश्री आराधना मिश्रा 'मोना' जी बोली, फिर पटेल जी बोले उसके बाद श्री ओम प्रकाश जी बोले, इस पूरे समय को अगर हम टोटल करें तो उतनी ही देर माननीय मुख्य मंत्री जी बोले।

(प्रतिपक्ष की तरफ से आवाज आई कि क्या बोले ?)

जो भी बोले, वह कार्यवाही का भाग है, उसको हम दोहरायेंगे वह ठीक नहीं रहेगा। जो मुख्य मंत्री जी बोले वह कार्यवाही का भाग है। अब उसके बाद मा0 नेता प्रतिपक्ष ने भी कुछ बातें कह ली।

(नेता प्रतिपक्ष के पुनः खड़े होने पर)

अब आपको क्या कहना है।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

माननीय अध्यक्ष जी, हम कोई भाषण नहीं देंगे। कुछ सुझाव और हैं कि उत्तर प्रदेश विधान सभा यह प्रस्ताव पास करे कि हर जाति की जनगणना करा ली जाये और जिस जाति का जितना हिस्सा हो, उसको उतना आरक्षण दे दिया जाये। मेरा सुझाव है विधान सभा यह प्रस्ताव करे। अगर यह दलित हितैषी हैं तो विधान सभा पास करे।

श्री अध्यक्ष-

यह तो आप पहले कह चुके हैं।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

मा0 अध्यक्ष जी, परम्परा को अगर माननीय मुख्य मंत्री जी तोड़ेंगे तो सदन का बड़ा दुर्भाग्य होगा। यह एक ही बात चार साल से कहते आ रहे हैं कि हमने पाखाना बना दिया, हमने घर बना दिया, हमने यह कर दिया, हमने वह कर दिया, कुछ नहीं किया। प्रदेश जल रहा है, कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है, अपराध बढ़ रहे हैं, बलात्कार, डकैती, छिनैती सब इनके प्रदेश में हो रहा है। सरकार और तंत्र पर विश्वास ही नहीं है, इसलिये मैं कहना चाहूंगा कि मा0 मुख्य मंत्री जी आप अल्पमत में हैं, आप इस्तीफा दें।

(कई सदस्यों द्वारा एक साथ बोलने पर व्यवधान)

श्री सुरेश कुमार खन्ना-

मा0 अध्यक्ष जी, आप प्रश्न उपस्थित करें।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि यह सदन संसद के दोनों सदनों द्वारा यथापारित संविधान (एक सौ छब्बीसवां संशोधन) विधेयक, 2019 द्वारा किये जाने हेतु प्रस्तावित अनुच्छेद-368 के खण्ड (2) के परन्तुक के खण्ड (घ) के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 'भारत का संविधान' में संशोधन का अनुसमर्थन करता है।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत किया)

[11.51] उत्तर प्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व सदस्यों के निधन पर शोकोद्गार

श्री अध्यक्ष-

हमारे पास इस आदरणीय सदन के सदस्य रहे मा0 श्री शीशराम जी, जो जिला बिजनौर से इस आदरणीय सदन के सदस्य रहे हैं, उनके निधन की सूचना प्राप्त हुई है।

नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

मा0 अध्यक्ष जी, आज 31 तारीख है। आपने भी कुछ नहीं कहा। आज नये साल में सभी मा0 सदस्यों को हम विपक्ष की ओर से बधाई देना चाहते हैं और इस सदन के नेता विरोधी दल रहे राज नारायण जी की पुण्यतिथि रही है। 1 मिनट का उनके लिये भी मौन रखवा दीजियेगा।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है। इसके बाद कर लेंगे। अगर आप बधाई देना चाहते हैं तो अच्छी बात है, लेकिन सबसे पहले बधाई आप हमको दीजियेगा।

मुझे खेद है कि मैं शोक प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा हूं और इसको गम्भीरता से लिया जाना चाहिये।

इस आदरणीय सदन के सदस्य रहे श्री शीशराम जी, जिला बिजनौर से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर सदस्य निर्वाचित हुए थे, उनके निधन की सूचना मिली है। हम सब इस आदरणीय सदन के सदस्य और यह पूरा सदन शोकाकुल है।

इसी प्रकार श्री चन्द्रपाल सिंह जी, जिला मुरादाबाद से विधान सभा के इस आदरणीय सदन के सदस्य थे, वह लोक सभा के भी सदस्य रहे हैं। उनके निधन की सूचना भी हम लोगों को प्राप्त हुई है। हम लोग शोक व्यक्त करते हैं।

इसी प्रकार देवकी नन्दन जी जिला हाथरस से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर इस आदरणीय सदन के सदस्य निर्वाचित हुए थे। उनके निधन की सूचना भी हम सबको प्राप्त हुई है। हम सब जानते हैं कि इस संसार में लोगों का आना-जाना ध्रुव सत्य है, लेकिन इस आदरणीय सदन की सेवा करने वाले, इस देश के लिये, समाज के लिये त्यागपूर्ण जीवन जीने वाले जब जाते हैं तो हम सब दुःखी होते ही हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनके शोक संतप्त परिवार को यह वज्राघात सहने की शक्ति दे और उनकी आत्मा को शान्ति मिले। इस आदरणीय सदन की व्यथा, शोकोद्गार मैं उनके परिजनों तक पहुंचा दूंगा। आइये हम सब थोड़ी देर के लिये खड़े होकर मौन रखें।

(सभी सदस्य दो मिनट के लिये अपने-अपने स्थान पर मौन खड़े हुए)

श्री राम गोविन्द चौधरी-

श्री राजनारायण जी सन् 1952 में नेता विरोधी दल रहे इस सदन के सदस्य रहे आज उनकी पुण्य तिथि है एक मिनट उनके नाम पर हो जाए।

श्री योगी आदित्यनाथ-

यह चेयर से ही हो जाए। नेता विरोधी दल आप इसका प्रस्ताव रख दीजिये हम उसका समर्थन कर देंगे।

मा0 राजनारायण की पुण्यतिथि पर शोक प्रस्ताव

नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

मैं प्रस्ताव करता हूं कि इस देश के महान सेनानी महान नेता, उत्तर प्रदेश विधान सभा में नेता विपक्ष कई बार इस सदन के सदस्य माननीय राजनारायण जी की आज पुण्य तिथि है चूंकि इसी विधान सभा में उन्होंने राजनीति शुरू किया उनके बारे में शोक प्रस्ताव इस विधान सभा में हो जाये यह मैं आपसे आग्रह करता हूं।

मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ)-

अध्यक्ष जी प्रख्यात समाजसेवी नेता स्व0 राजनारायण जी की आज पुण्य तिथि है जिन्होंने अपना पूरा जीवन सही मायने में समाजवाद के दर्शन को अंगीकार करते हुए जिया हो उत्तर प्रदेश की विधान सभा हो या इस देश की संसद देश के स्वास्थ्य मंत्री रहे हों या फिर विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए जिस साफगोई के साथ जीवन के जिस शुचिता और पारदर्शिता का पालन करते हुए उन्होंने जीवन जिया आज उनका पुण्य स्मरण प्रत्येक जनप्रतिनिधि के साथ-साथ उन सबके लिए अत्यन्त आवश्यक है जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में अपने आपको समर्पित किया है मैं उस पुण्यात्मा को आज के इस अवसर पर उनकी पुण्य तिथि

के अवसर पर हमारे नेता प्रतिपक्ष के द्वारा प्रस्तुत इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे अपील करता हूं कि स्व0 राजनारायण की इस पुण्य तिथि के अवसर पर पूरे सदन की ओर से भी उस महान नेता का स्मरण हो एक अच्छा प्रस्ताव है और मुझे लगता है कि अच्छी शुरुआत हुई है।

श्री राम गोविन्द चौधरी-

अभी तो हमने प्रस्ताव ही रखा था वह हमारे भी नेता रहे हैं इसलिये मुझे भी दो मिनट बोलने की अनुमति दें।

माननीय अध्यक्ष जी जो शोकोद्गार शोक संदेश माननीय नेता सदन ने अपने विचार में रखे हैं मैं उससे अपने को सम्बद्ध करता हूं। राजनारायण जी आजादी की लड़ाई में अग्रणी भूमिका में थे और बड़े जमीदार घराने से थे उतने बड़े जमीदार घराने के रहते हुए भी उन्होंने समाजवाद को अपनाया और आजीवन समाजवादी विचारधारा के लिये संघर्ष करते रहे। छुआछूत के वह घोर विरोधी थे। जिस समय घनघोर छुआछूत था उन्होंने जगजीवन बाबू को बनारस ले जाकर पंडित मदन मोहन मालवीय जी पर माल्यार्पण कराया। बी0एच0यू0 के गेट पर और कुछ लोगों ने जाने के बाद मूर्ति को धोया और राजनारायण जी को समाज और जाति के बहिस्कृत करने का फरमान सुनाया। उन्होंने उसी समय कहा कि मैं जाति में रहूं न रहूं समाज में रहूं न रहूं राजनारायण जी के जीते जी छुआ-छूत बर्दाश्त नहीं हो सकता है। उनका व्यक्तित्व एक महान संघर्षशील का था हमको जहां तक याद है उनकी पार्टी से आप भी एक बार जीतकर आये थे क्या ? अन्याय के खिलाफ अकेले खड़ा हो जाना संविधान की अवहेलना करने वालों के खिलाफ संघर्ष में कूद जाना कहीं भी अन्याय हो राजनारायण जी खड़े हो जाते थे और संघर्ष करने लगते थे ऐसे महान समाजवादी चिन्तक समाजवादी नेता हमारे बीच में नहीं है। जब वह स्वास्थ्य मंत्री हुए, तो कुछ लोगों ने बहुत कहा कि वह अपने लड़के की नौकरी लगवा दें, लेकिन उन्होंने कहा कि मेरे हिन्दुस्तान के सभी लड़के हमारे लड़के हैं। आज उनके लड़के नौकरी में नहीं हैं, वह दर-दर भटक रहे हैं। ऐसे महान समाजवादी नेता को मैं अपने दल की तरफ से तथा पूरे विपक्ष की तरफ से अपनी श्रद्धांजलि देता हूं और आपसे आग्रह करता हूं कि इस शोक-संवेदना को उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

मा0 वर्मा जी।

***श्री लाल जी वर्मा-**

मान्यवर, मा0 नेता प्रतिपक्ष, मा0 नेता सदन ने महान समाजवादी नेता श्री राजनारायण जी की पुण्यतिथि के अवसर पर अपने जो विचार रखे हैं, मैं उससे अपने को जोड़ता हूं। जब

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

हम किसी महापुरुष को याद करते हैं तो हमारा उद्देश्य है कि उनके द्वारा जो कार्य किये गये हैं उस पर हम मनन करें और उनसे प्रेरणा लेकर उसे हम अपने जीवन में उतारने का काम करें। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिये जिस तरह से उन्होंने संघर्ष किया, चाहे वह विधान सभा रही हो, चाहे वह आम जनता के बीच में रहा हो, अकेले चौराहे पर खड़े होकर जिस तरह से उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवित रखने के लिये कार्य किया, निश्चित रूप से वह सराहनीय है। मैं उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपेक्षा करूंगा कि निश्चित रूप से हमें लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिये लगातार संकल्प की आवश्यकता है और उस दिशा में हम पहल करें। मैं पुनः उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी बात को विराम देता हूं। धन्यवाद।

***श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-**

मा0 अध्यक्ष जी, स्व0 राजनारायण जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज मा0 नेता विरोधी दल ने सदन में जो प्रस्ताव रखा है और इस प्रस्ताव का समर्थन करके जिस स्वस्थ परम्परा का निर्वहन मा0 नेता सदन ने किया तथा मा0 नेता बसपा श्री लाल जी वर्मा जी ने उसका समर्थन किया। मैं और मेरा दल भी इसका समर्थन करता है। स्व0 राजनारायण जी एक आदर्श समाजवादी नेता थे, प्रतीक थे और सामाजिक परिवर्तन में उनकी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वह एक साहसी आन्दोलनकारी थे। उनके जीवन में बहुत सारी ऐसी घटनायें रहीं जिनसे आज के राजनीतिज्ञों को सीखना चाहिये। कांग्रेस पार्टी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

मा0 राजभर जी।

श्री ओम प्रकाश राजभर-

मा0 अध्यक्ष जी, मा0 नेता सदन, मा0 नेता प्रतिपक्ष, मा0 नेता बसपा तथा मा0 नेता कांग्रेस के विचारों को अपने साथ जोड़ते हुए स्वर्गीय राजनारायण जी जो समाजवादी विचारधारा के थे, उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की ओर से एवं अपनी ओर से मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे निवेदन करता हूं कि शोक संतप्त परिवार को शोक-संवेदना भिजवाने की कृपा करें। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

मा0 पटेल जी।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री नील रतन सिंह पटेल 'नीलू'-

मा0 अध्यक्ष जी, आज इस सदन में एक ऐसे महापुरुष की पुण्यतिथि पर प्रस्ताव परम् सम्मानित नेता प्रतिपक्ष जी ने लाने का काम किया और जिसका समर्थन यशस्वी मा0 मुख्य मंत्री जी ने किया है, मैं उससे अपने आपको सम्बद्ध करते हुए यह कहना चाहूंगा कि समाजवादी चिन्तक, भारत ही नहीं वरन् विश्व के कोने-कोने में उनकी विचारधारा को लोग आज मानने का काम करते हैं। ऐसी विभूति बनारस की धरती पर गंगापुर जिनका निवास स्थान रहा, वहां एक किसान परिवार से निकल करके उन्होंने समाजवादी विचारधारा को धारण करके उन्होंने पूरे देश में समाजवादी विचारधारा के प्रकाश को फैलाने का काम किया। निश्चित तौर पर ऐसे महापुरुष कभी-कभी पैदा होते हैं। माननीय अध्यक्ष जी, यह मेरा परम् सौभाग्य है कि मेरा जन्म भी उसी मिट्टी में हुआ है, मैं उसी गंगापुर क्षेत्र में पैदा हुआ और उन्हीं की माटी से मुझे संघर्ष करके आज इस विधान सभा में पहुंचने का अवसर मिला है। उनके शब्द मुझे आज भी याद आते हैं जब मैंने पहली बार उनको सुना था तो उन्होंने कहा था कि मैं समाजवादी विचारधारा का व्यक्ति हूं मेरे परिवार का कोई भी व्यक्ति मेरे बाद मेरी राजनैतिक विरासत को संभालने का काम नहीं करेगा। समाज के अन्तिम पायदान से निकल कर जो हमारी विचारधारा को लेकर चलने का काम करेगा, मेरे बाद उसको ही मौका मिलेगा और यही वजह है कि आज उनके परिवार का कोई भी व्यक्ति उनके बाद परिवारवाद को कायम करने का काम नहीं किया। मैं ऐसी महान विभूति को अपनी पार्टी, अपना दल की तरफ से और अपनी तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि उनके परिजनों तक हमारी पार्टी, अपना दल की तरफ से और हमारी तरफ से शोक संवेदना पहुंचाने का काम किया जाये, ओम शान्ति।

श्री अध्यक्ष-

देश और दुनिया के प्रख्यात समाजवादी नेता सांसद रहे, इस आदरणीय सदन के सदस्य रहे, तमाम पदों पर रहे श्री राजनारायण जी की पुण्यतिथि आज है और इस विषय पर नेता प्रतिपक्ष माननीय राम गोविन्द चौधरी जी ने प्रस्ताव रखा है। माननीय नेता सदन, माननीय राम गोविन्द जी, माननीय वर्मा जी, माननीय राजभर जी, माननीय आराधना जी, माननीय पटेल जी सहित सभी वरिष्ठ नेताओं ने जो प्रस्ताव यहां पर रखा है, जो उद्गार व्यक्त किये हैं उनके प्रति मैं स्वयं और यह आदरणीय सदन प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। राजनारायण जी का समाजवाद दुनिया के अन्य देशों से आयातित समाजवाद नहीं था। राजनारायण जी में लोहिया जी की अन्तर्दृष्टि थी और उनमें राम, कृष्ण और शिव जी की आस्तिकता का समागम था। वह अपने दल के नेता थे संघर्ष करते थे किसी के प्रति द्वेष नहीं था उनका अन्तरंग बिल्कुल गंगा की तरह निर्मल था और उन्होंने भारतीय राजनीति से भिन्न प्रकार की राजनीति,

भिन्न प्रकार की समाजसेवा, भिन्न प्रकार की अभिव्यक्ति का उदाहरण स्थापित किया और भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास की धारा को ही बदल दिया, जब वह रायबरेली से चुनाव लड़े थे। रायबरेली जनपद की सीमा से हमारा गांव जुड़ता है। उस चुनाव में सीधे आर-पार की लड़ाई हुई देश की सबसे शक्तिशाली नेता आदरणीय इन्दिरा गांधी जी के सामने चुनाव था और फिर इतिहास का रंग बदलता चला गया। माननीय उच्च न्यायालय ने आदरणीया श्रीमती गांधी का चुनाव अवैध घोषित कर दिया, आन्दोलन चल रहा था राम गोविन्द जैसे लड़ाकू लोग जेल में थे और मैं भी जेल में था। इस प्रकार इतिहास की धारा में रहने का काम और फिर उसी इतिहास ने देश पर आपातकाल, राजनारायण जी को जब हम याद करते हैं तो साथ-साथ आपातकाल भी याद आता है। राजनारायण जी उससे टकराने वाले योद्धा थे। वह इतिहास की गति में हस्तक्षेप किया करते थे। आज इस आदरणीय सदन के हम सब सदस्य उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं और आप सबने जो उद्‌गार व्यक्त किये हैं मैं उनसे सम्बद्ध होकर इस आदरणीय सदन को सारी भावनायें उनके परिजनों तक पहुंचाऊंगा। आइये राजनारायण जी की स्मृति में श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए खड़े होकर कुछ मिनट का मौन रखें।

(सभी सदस्य दो मिनट के लिये अपने-अपने स्थान पर मौन खड़े हुए)

[12:09] उत्तर प्रदेश दण्ड विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित किया जाता है कि :-

उत्तर प्रदेश दण्ड विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 20 दिसम्बर, 2019 को वापस प्राप्त को गया।

उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 20 दिसम्बर, 2019 को वापस प्राप्त को गया।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 20 दिसम्बर, 2019 को वापस प्राप्त को गया।

उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) (संशोधन) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) (संशोधन) विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 20 दिसम्बर, 2019 को वापस प्राप्त को गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 20 दिसम्बर, 2019 को वापस प्राप्त हो गया।

[12:11] सिविल विधि (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

घोषित किया जाता है कि :-

सिविल विधि (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2019 जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 23 जुलाई, 2019 के उपवेशन में पारित किया था, तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 25 जुलाई, 2019 की बैठक में पारित किया था, पर राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 29 नवम्बर, 2019 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का सोलहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग (2019-2020 का द्वितीय अनुपूरक) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश विनियोग (2019-2020 का द्वितीय अनुपूरक) विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था तथा

जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 20 दिसम्बर, 2019 को वापस प्राप्त हुआ था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 24 दिसम्बर, 2019 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 24 दिसम्बर, 2019 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का अट्ठारहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) (संशोधन) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश मंत्री (वेतन, भत्ता और प्रकीर्ण उपबन्ध) (संशोधन) विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 दिसम्बर, 2019 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का उन्नीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 दिसम्बर, 2019 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का बीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश दण्ड विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

उत्तर प्रदेश दण्ड विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के

उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 दिसम्बर, 2019 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का इक्कीसवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक, 2019

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि --

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक, 2019, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 की बैठक में पारित किया था, पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 दिसम्बर, 2019 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2019 का उत्तर प्रदेश का बाइसवां अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या-7 में कुछ नहीं है।

श्री अध्यक्ष-

श्री मुकेश चन्द्र वर्मा जी हैं, नहीं हैं। **(अनुपस्थित)**

[12:12] श्री मुकेश चन्द्र वर्मा, सदस्य विधान सभा की जनपद फिरोजाबाद से सम्बन्धित तीन याचिकायें (व्यपगत) †

(1) जनपद फिरोजाबाद की तहसील फिरोजाबाद के अन्तर्गत ग्राम नगला दया में गुड्डू के घर से आंगनबाड़ी केन्द्र तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में श्री सतेन्द्र व अन्य निवासीगण जनपद-फिरोजाबाद द्वारा हस्ताक्षरित याचिका,

(2) जनपद फिरोजाबाद की तहसील फिरोजाबाद के अन्तर्गत ग्राम दौंकली में दबरई सरगमा मार्ग से राजेन्द्र फौजी के घर होकर दौंकली पानी की टंकी तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में श्री मान सिंह व अन्य निवासीगण जनपद-फिरोजाबाद द्वारा हस्ताक्षरित याचिका तथा

(3) जनपद फिरोजाबाद की तहसील फिरोजाबाद के अन्तर्गत ग्राम बरकतपुर में राजवीर के घर से सरकारी तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में श्री प्रताप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद-फिरोजाबाद द्वारा हस्ताक्षरित याचिका।

नोट :-† छापी नहीं गई।

[12:14] श्री अनिल सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद रायबरेली व उन्नाव से सम्बन्धित एक-एक याचिका †

श्री अनिल सिंह-

(1) मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से जनपद रायबरेली, परगना व तहसील सदर, मो0 मालखाना, कैनरगंज गांव, अख्तियारपुर फ्री-होल्ड को पुनः जांच करवाने एवं निरस्त करवाने के सम्बन्ध में श्री योगेश कुमार चौरसिया व अन्य निवासीगण जनपद-रायबरेली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका तथा

(2) मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र पुरवा, विकास खण्ड हिलौली के अन्तर्गत ग्राम बछौरा में पंचायत घर बनवाए जाने के सम्बन्ध में श्री बृजेश शुक्ला व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव द्वारा हस्ताक्षरित याचिका प्रस्तुत करता हूं।

श्री अध्यक्ष-

श्री राम फेरन पाण्डेय जी हैं।

[12:14] श्री राम फेरन पाण्डेय, सदस्य, विधान सभा की जनपद श्रावस्ती से सम्बन्धित याचिका†

जनपद श्रावस्ती में चीनी मिल लगाये जाने के सम्बन्ध में श्री सतीश जायसवाल व अन्य निवासीगण जनपद श्रावस्ती द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि सभी की याचिकाएं पढ़ी हुई मान ली जायं।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है आज की सभी याचिकायें पढ़ी हुई मानी जाती हैं।

श्री सत्यवीर त्यागी, सदस्य विधान सभा की जनपद मेरठ से सम्बन्धित चार याचिकाएं †

(मद सं0-11 से मद सं0-18 तक की याचिकायें पढ़ी हुई मानी गईं)

(1) जनपद मेरठ के अन्तर्गत ग्राम मामेपुर मुख्य मार्ग से ब्लाक रजपुरा जाने वाले रास्ते का डामरीकरण के सम्बन्ध में श्री अमरीश व अन्य द्वारा हस्ताक्षरित याचिका,

(2) जनपद मेरठ के अन्तर्गत ग्राम ज्ञानपुर से ग्राम औरंगाबाद, ब्लाक रजपुरा जाने वाले रास्ते का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री पंकज़ व अन्य निवासीगण जनपद मेरठ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका,

(3) जनपद मेरठ के अन्तर्गत ग्राम स्याल, ब्लाक रजपुरा मेन रोड पर यात्री शेड बनाए जाने के सम्बन्ध में श्री लीले सिंह व अन्य निवासीगण जनपद-मेरठ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका तथा

नोट :-† छापी नहीं गई।

(4) जनपद मेरठ के अन्तर्गत ग्राम मानपुर मोहनराम मन्दिर से प्रदीप पुत्र राजपाल के घर तक ब्लाक माछरा जाने वाले रास्ते का डामरीकरण कराने के सम्बन्ध में श्री देवेन्द्र सिंह तोमर व अन्य निवासीगण जनपद-मेरठ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती साधना सिंह, सदस्य विधान सभा की जनपद चन्दौली से सम्बन्धित तीन याचिकाएं †

(1) जनपद चंदौली के अन्तर्गत दुल्हीपुर से दामोदारदास के पोखरे तक पुल निर्माण के सम्बन्ध में श्री अभिषेक पोद्दार व अन्य निवासीगण जनपद चंदौली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका,

(2) जनपद चंदौली के बंधी डिवीजन के चंदौली नगा के अन्तर्गत कच्चे नाले को पक्कीकरण किये जाने के सम्बन्ध में श्री अरुण कुमार सिंह व अन्य निवासीगण जनपद चंदौली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका तथा

(3) जनपद चंदौली के अन्तर्गत लघु पुल का निर्माण नाबार्ड योजनान्तर्गत कराये जाने के सम्बन्ध में श्री योगेन्द्र सिंह व अन्य निवासीगण जनपद चंदौली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री बहोरन लाल मौर्य, सदस्य विधान सभा की जनपद बरेली से सम्बन्धित तीन याचिकायें †

(1) जनपद बरेली की तहसील बहेड़ी के अन्तर्गत शेरगढ़ से नगरिया कलां तक सड़क की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजू मौर्य व अन्य निवासीगण जनपद-बरेली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका,

(2) जनपद बरेली की तहसील बहेड़ी के अन्तर्गत सेमीखेड़ा सहकारी चीनी मिल में स्वीकृत डिस्टलरी को शीघ्र चलाये जाने के सम्बन्ध में श्री छेदा लाल गंगवार व अन्य निवासीगण जनपद-बरेली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका तथा

(3) जनपद बरेली की तहसील बहेड़ी के अन्तर्गत भिटौरा शेरागढ़ मार्ग से पेट्रोल पम्प के सामने से स्माईलपुर तक सड़क की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बुद्धसेन मौर्य व अन्य निवासीगण जनपद-बरेली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अमिताभ बाजपेयी, सदस्य विधान सभा की जनपद कानपुर नगर से सम्बन्धित याचिका †

जनपद कानपुर नगर की ग्राम सभा सचेण्डी को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द्र सिंह बाली व अन्य निवासीगण जनपद-कानपुर नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

डा0 डी0सी0 वर्मा, सदस्य विधान सभा की जनपद बरेली से सम्बन्धित याचिका †

जनपद बरेली की तहसील मीरगंज के ग्राम गुलडिया से ग्राम सिंगरा तक रोड का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुरेश वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद बरेली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

नोट :-† छापी नहीं गई।

श्री रजनीकान्त मणि त्रिपाठी, सदस्य विधान सभा की जनपद कुशीनगर से सम्बन्धित तीन याचिकायें †

(1) जनपद कुशीनगर के विधान सभा क्षेत्र कुशीनगर के सड़कों के नवीनीकरण के सम्बन्ध में श्री प्रवीण कुमार शुक्ल व अन्य निवासीगण जनपद कुशीनगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका,

(2) जनपद कुशीनगर के विधान सभा क्षेत्र कुशीनगर में विकास खण्ड पडरौना के छठ घाटों के सुन्दरीकरण के सम्बन्ध में श्री अनिल कुमार मल्ल व अन्य निवासीगण जनपद कुशीनगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका तथा

(3) जनपद कुशीनगर के विधान सभा क्षेत्र कुशीनगर में विकास खण्ड रामकोला में विवाह भवन निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अमरनाथ मद्धेशिया व अन्य निवासीगण जनपद कुशीनगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह, सदस्य विधान सभा की जनपद रायबरेली से सम्बन्धित दो याचिकायें †

(1) जनपद रायबरेली अम्बारा पश्चिम से गौरारुपई के मध्य छूटी हुई कड़ी पर डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विशाल सिंह व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका तथा

(2) जिला रायबरेली ग्राम ककराही ग्राम सभा चिलैला से खजूरगांव-डलमऊ सम्पर्क मार्ग तक सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रवी सिंह व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विनोद कुमार कटियार, सदस्य विधान सभा की जनपद कानपुर देहात से सम्बन्धित याचिका †

जनपद कानपुर देहात क्षेत्र के अन्तर्गत भोगनीपुर सागर तालाब के सौन्दर्यीकरण और पर्यटन के सम्बन्ध में श्री रामचन्द्र सचान व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर देहात द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या-19 में कुछ नहीं है।

श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा-

मान्यवर, मैं कुछ कहना चाहता हूं।

नोट :-† छापी नहीं गई।

श्री अध्यक्ष-

नरेन्द्र जी आप क्या कहना चाहते हैं।

जनहित में जनता के उपयोगार्थ कम्बल, गीजर, वाटर कूलर व ए0सी0 आदि विधायक निधि से खरीदे जाने की मांग

***श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा-**

मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि पूरे प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप है। सरकार और सामाजिक संगठन तथा हम लोग अपनी तरफ से कम्बल बांट रहे हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से एक विनती करना चाहता हूं कि हमारी विधायक निधि में हमारे लिये कम्बल खरीदने का कोई प्राविधान नहीं है। दूसरा हम लोग स्कूल जाते हैं, छात्रावास जाते हैं, मन्दिर जाते हैं, चर्च जाते हैं, गुरुद्वारा जाते हैं और सार्वजनिक शौचालयों पर जाते हैं लेकिन हम लोग अपनी विधायक निधि से गीजर नहीं खरीद सकते हैं। तीसरा गर्मियों में स्कूलों और छात्रावासों तथा अस्पतालों में हम वाटर कूलर तथा ए0सी0 नहीं लगवा सकते हैं। हम चाहते हैं कि हम इसका उपयोग अपने लिये न करें, लेकिन कम्बल, गीजर, वाटर कूलर और ए0सी0 जैसी चीजें कई स्थानों पर नहीं हैं इसलिये यह व्यवस्था चाहे सरकारी स्कूल हों या अर्द्धसरकारी स्कूल हों, मान्यता प्राप्त स्कूल हों, चाहे छात्रावास हों, चाहे अस्पताल हों या अन्य धर्मशाला हों, मन्दिर हों, मस्जिद हों, चर्च हों, मठ हों यहां पर हम लोगों को अपनी विधायक निधि से खरीदने की अनुमति दे दी जाए क्योंकि यह बहुत ही जनहित का मामला है।

एन0आर0सी0 का विरोध कर रहे लोगों के साथ निर्दोष लोगों को भी जेल भेजे जाने का प्रकरण

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-

मान्यवर, जिस तरह से एन0आर0सी0 का विरोध कर रहे लोगों को जेल भेजा जा रहा है और उसमें निर्दोष लोगों को भी जेल भेजा जा रहा है।

श्री अध्यक्ष-

यह कार्यवाही का भाग नहीं है।

(घोर व्यवधान के मध्य)

नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

मान्यवर, इसमें सैकड़ों लोगों की जानें गई हैं। यह सरकार बिल्कुल तानाशाही पर उतर आई है।

---

* नोट :- वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

(इसी बीच विपक्ष के कई मा0 सदस्य सदन की वेल में आ गये और वेल से ही अपनी-अपनी बात कहने लगे जिससे सदन में घोर व्यवधान उत्पन्न हो गया।)

(घोर व्यवधान के मध्य)

[12:17] नियम-301 के अन्तर्गत सूचनायें

श्री अध्यक्ष-

यह विषय नहीं है। आज जो नियम-301 की सूचनायें प्राप्त हुई हैं वह सभी सूचनायें स्वीकार की जाती हैं।

आज नियम-301 के अन्तर्गत कुल 35 सूचनायें प्राप्त हुईं, जिसमें सभी माननीय सदस्यों की सूचनायें स्वीकार की गईं।

प्रथम सूचना श्री शैलेन्द्र यादव ललई की जनपद जौनपुर अन्तर्गत नगर पालिका परिषद् शाहगंज का सीमा विस्तार न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है, दूसरी सूचना श्री अमिताभ बाजपेयी की जनपद कानपुर नगर अन्तर्गत विज्ञापन पट हेतु नियमावली न बनाये जाने से हो रहे नुकसान के सम्बन्ध में है, तीसरी सूचना श्री विरेन्द्र कुमार यादव की प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में है, चौथी सूचना श्री सीताराम वर्मा की प्रदेश में धान की फसल में गंडुआ रोग से फसल में हुई क्षति से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है, पांचवीं सूचना श्री दलवीर सिंह की जनपद अलीगढ़ में सहकारी चीनी मिल साथा की क्षमता बढ़ोत्तरी के साथ डिस्टिलरी यूनिट, एथेनाल प्लान्ट एवं पावर प्लान्ट लगवाये जाने के सम्बन्ध में है, छठी सूचना श्री कमलेश शुक्ल की जनपद देवरिया के विधान सभा क्षेत्र रामपुर कारखाना अन्तर्गत करौंदी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में है, सातवीं सूचना श्री देवेन्द्र कुमार निम की जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र रामपुर मनिहारन अन्तर्गत हिण्डन नदी पर रपटा (पुलिया) बनाकर सैकड़ों किसानों की जान-माल की रक्षा किये जाने के सम्बन्ध में है, आठवीं सूचना श्रीमती राजबाला की जनपद रामपुर के विधान सभा क्षेत्र मिलक शाहाबाद अन्तर्गत कन्या डिग्री कालेज बनवाये जाने के सम्बन्ध में है, नवीं सूचना प्रिन्स वीर विक्रम सिंह की जनपद शाहजहांपुर के विकास खण्ड जैतीपुर अन्तर्गत ग्राम गढ़ियारंगीन की अंदरूनी मार्ग का मरम्मत एवं डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में है, दसवीं सूचना श्री श्याम सुन्दर शर्मा की जनपद मथुरा में ठण्ड के भीषण प्रकोप से जनमानस को बचाने हेतु प्रशासन द्वारा निष्क्रियता दिखाये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है, ग्यारहवीं सूचना डॉ0 अरुण कुमार की बरेली सदर अन्तर्गत कतिपय सड़कों एवं नालियों का शीघ्र निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है, बारहवीं सूचना श्री रवि सोनकर की जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र महादेवा अन्तर्गत कतिपय विकास खण्डों में तटबन्ध एवं पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है, तेरहवीं सूचना श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा की जनपद सीतापुर के तहसील महमूदाबाद

अन्तर्गत पैतेपुर पुल से कैशवारा डामर तक स्वीकृत रोड का कार्य पूर्ण एवं भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में है, चौदहवीं सूचना श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' की जनपद प्रतापगढ़ के विधान सभा क्षेत्र रामपुर खास अन्तर्गत ट्रॉन्सफार्मर्स को अपग्रेड एवं जर्जर तारों को बदलवाये जाने के सम्बन्ध में है, पन्द्रहवीं सूचना श्री लाल बहादुर की जनपद कौशाम्बी के विधान सभा क्षेत्र मंझनपुर अन्तर्गत बडहरी गांव के भरत नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है, सोलहवीं सूचना श्री लाल जी वर्मा की जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र कटेहरी अन्तर्गत प्रतापपुर चर्मुखा को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में है, सत्रहवीं सूचना डॉ0 डी0सी0 वर्मा की जनपद बरेली के अन्तर्गत कस्बा शाही एवं दिनरा मिर्जापुर के बीच किच्छा नदी पर एप्रोच रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है, अट्ठारहवीं सूचना श्री राम चन्द्र यादव की जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र रुदौली अन्तर्गत आई0टी0आई0 मवई के भवन निर्माण हेतु अवशेष धनराशि अवमुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में है, उन्नीसवीं सूचना श्री संजय प्रताप जायसवाल की सरकार द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु स्थापित ओवरहेड टैंक के निर्माण की टी0ए0सी0 जांच कराये जाने तथा जल रिसाव एवं ग्रामीणों को पेयजल कनेक्शन न दिये जाने के सम्बन्ध में है, बीसवीं सूचना श्री मनीष असीजा की फिरोजाबाद सदर अन्तर्गत प्रदीप नगर के ढोलपुरा पर एस0 गोपाल इण्डस्ट्रीज से लेकर अमित रिसॉर्ट तक सर्विस रोड बनाये जाने के सम्बन्ध में है, इक्कीसवीं सूचना श्री बहोरन लाल मौर्य की जनपद बरेली के कतिपय नगर पंचायतों में जानवरों के अवैध कटान एवं दोषियों के खिलाफ जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है, बाइसवीं सूचना श्री अमन मणि त्रिपाठी की जनपद महराजगंज के विधान सभा क्षेत्र नौतनवां अन्तर्गत जमींदारी पुल का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है, तेइसवीं सूचना डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल की गोरखपुर महानगर में देवरिया रोड पर नगर विकास विभाग के अन्तर्गत जल निगम द्वारा बनाये जा रहे नाले के सन्दर्भ में है, चौबीसवीं सूचना श्री बृजभूषण राजपूत की जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी अन्तर्गत जैतपुर को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में है, पच्चीसवीं सूचना श्री अगयश राम सरन वर्मा की जनपद पीलीभीत अन्तर्गत कतिपय गांवों में 33/11 के0वी0ए0 के विद्युत उपकेन्द्र स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में है, छब्बीसवीं सूचना श्री राम अचल राजभर की जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र अकबरपुर अन्तर्गत शारदा सहायक नहर की पिच मार्ग से ग्राम सभा रम्मनपुर तक सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है, सत्ताइसवीं सूचना श्री बम्बा लाल की जनपद उन्नाव के ब्लाक सफीपुर अन्तर्गत ओसिया सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है, अट्ठाइसवीं सूचना श्रीमती जय देवी की जनपद फतेहपुर के निहाल अहमद निवासी लल्लू मियां की जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है, उन्तीसवीं सूचना श्री विजय कुमार राजभर की जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र घोसी अन्तर्गत ग्राम सभा कसारा में खेल के मैदान की बाउण्ड्रीवॉल व खेल सामग्री उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में है, तीसवीं सूचना श्री रमेश चन्द्र मिश्र की जनपद जौनपुर अन्तर्गत एन0एच0-56

(मिश्रौली) बघाड़ी कला इमिलियाघाट से पट्टी नरेन्द्रपुर होते हुए लखनऊ-बलिया मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है, इकत्तीसवीं सूचना श्री कैलाश नाथ सोनकर की जनपद वाराणसी के विधान सभा क्षेत्र अजगरा अन्तर्गत पूर्वांचल विकास निधि राज्यांश के सम्बन्ध में है, बत्तीसवीं सूचना श्री मनोज कुमार पाण्डेय की जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र ऊंचाहार अन्तर्गत अड्डा से कल्यानी एवं गंगा विशुनपुर सड़क निर्माण के सम्बन्ध में है, तैंतीसवीं सूचना श्री पल्टूराम की बलरामपुर सदर अन्तर्गत के0जी0एम0यू0 का सेटेलाइट सेन्टर का शिलान्यास कराये जाने के सम्बन्ध में है, चौंतीसवीं सूचना श्री पूरन प्रकाश की समाज कल्याण विभाग मथुरा द्वारा अनियमित रूप से पिछले तीन वर्षों से मानकता पूर्ण न होने पर भी आई0टी0आई0, बी0एड0 पाठ्यक्रम में विद्यालयों को अनियमित रूप से फर्जी छात्रवृत्ति व फीस प्रदान करने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में है, पैंतीसवीं सूचना श्री रत्नाकर मिश्र की जनपद मिर्जापुर के रामपुर-गोपीगंज मार्ग पर गंगा का पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है।

(सदन की सहमति से स्वीकृत सभी सूचनायें पढ़ी हुई मानी गईं।)

जनपद जौनपुर अन्तर्गत नगर पालिका परिषद् शाहगंज का सीमा विस्तार न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री शैलेन्द्र यादव 'ललई'-

[मान्यवर, आपके माध्यम से सदन का ध्यान गम्भीर विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। नगर पालिका परिषद् शाहगंज, जनपद जौनपुर का सीमा विस्तार नहीं किया गया है, जबकि चारों तरफ तीन-चार किमी0 तक नगरीय क्षेत्र में आबादी बस चुकी है, नगर पालिका परिषद्, शाहगंज जो पूर्व में नगर पंचायत था तब से सीमा विस्तार किये जाने की मांग लगातार होती रही है, परन्तु इस पर शासन व प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। नगर पालिका परिषद् शाहगंज में सड़क, नाली व अन्य सारे कार्य ठीक से कराये जाने की आवश्यकता है, जिससे स्थानीय लोगों को मूलभूत सुविधायें मिल सकें। यह गम्भीर एवं जनहित से जुड़ा प्रकरण है।

अतः इस जनहित के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर पालिका परिषद्, शाहगंज का सीमा विस्तार कराये जाने की मांग करता हूं।]

जनपद कानपुर नगर अन्तर्गत विज्ञापन पट हेतु नियमावली न बनाये जाने से हो रहे नुकसान के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अमिताभ बाजपेयी-

[मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान लोक महत्व के गम्भीर विषय की ओर दिलाना चाहता हूं कि नगर निगम, कानपुर क्षेत्र में हजारों विज्ञापन पट लगे हुए हैं। कई वर्षों से नगर निगम ने इन विज्ञापन पटों के सम्बन्ध में नियमावली नहीं बनाई जो बनाई वह निर्धारित

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

प्रक्रिया पूरी न होने से न्यायालय से निरस्त हो गई। नगर निगम को इस हेतु स्पष्ट व सुसंगत नियमावली बनानी चाहिये थी, परन्तु कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से नगर निगम को प्रतिवर्ष करोड़ों के राजस्व की चोट पहुंचायी जा रही है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त की जांच कराया जाना जनहित में आवश्यक है।

अतः मैं सदन से मांग करता हूं कि विज्ञापन नियमावली बनवाने व न बनने से होने वाले नुकसान हेतु जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने की कृपा करें।]

प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री विरेन्द्र कुमार यादव-

[मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान लोक महत्व के विषय की ओर दिलाना चाहता हूं, जनपद गाजीपुर के अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से पूरा कार्य जिस तरीके से लिया जाता है उस कार्य के हिसाब से उनको जो मानदेय दिया जाता है वह बहुत ही कम दिया जाता है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री का जो मानदेय 4000 रुपया दिया जा रहा है। उनके कार्यों को देखते हुए कम है। इनका मानदेय लगभग 12000 हजार से कम नहीं होना चाहिये। क्योंकि जनगणना या सर्वे करना, रुबेला का टीकाकरण करना आदि कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से करवाया जाता है। ऐसी स्थिति में इन आंगनबाड़ी कार्यकत्री महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। जनहित में इन कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाया जाना अति आवश्यक है।

अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर आपके माध्यम से सरकार से वक्तव्य दिये जाने की मांग करता हूं।]

प्रदेश में धान की फसल में गंडुआ रोग से फसल में हुई क्षति से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री सीताराम वर्मा-

[मान्यवर, सादर अवगत कराना है कि इस वर्ष धान की फसल में एक रोग (गंडुआ) लग गया है, जिससे धान की फसल में 50 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है। इसके कारण धान का उत्पादन गिर गया है एवं धान/चावल दागी हो जाने के कारण सरकारी धान क्रय केन्द्र एवं व्यवसायी खरीद नहीं रहे हैं या व्यवसायी बहुत कम मूल्य पर खरीद रहे हैं। इसके कारण किसानों को बहुत आर्थिक क्षति हो रही है। जनहित में उक्त रोग के कारण धान की फसल में हुई क्षति का सर्वे कराकर प्रतिपूर्ति कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त रोग के कारण धान की फसल पर हुई क्षति का सर्वे कराकर प्रतिपूर्ति किये जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद अलीगढ़ में सहकारी चीनी मिल साथा की क्षमता बढ़ोत्तरी के साथ डिस्टिलरी यूनिट, एथेनाल प्लान्ट एवं पावर प्लान्ट लगवाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

ठा0 दलवीर सिंह-

[मान्यवर, जनपद अलीगढ़ की एक मात्र सहकारी चीनी मिल साथा जिसकी पिराई क्षमता 1250 टी0सी0डी0 है। इस मिल की स्थापना को पच्चास दशक से अधिक हो चुके हैं। भारत सरकार द्वारा 1250 टी0सी0डी0 क्षमता की चीनी मिलों को लाभप्रद इकाई नहीं माना गया है। यह चीनी मिल वर्षों से हानि में चल रही है। जिसका प्रमुख कारण चीनी मिल की पिराई क्षमता कम होना तथा अत्यन्त पुराना व जीर्ण-शीर्ण मशीनरी का होना है। विगत 10 वर्षों से अधिक समय से इस मिल में कोई मशीनरी बदली नहीं गई है। चीनी मिल में 40.62 हेक्टेयर जमीन उपलब्ध है, जिसमें अधिक क्षमता की मशीनें एवं डिस्टिलरी यूनिट, एथेनाल एवं पावर प्लान्ट लगाये जा सकते हैं। क्योंकि 1250 टी0सी0डी0 क्षमता की चीनी मिल वित्तीय दृष्टि से लाभकारी नहीं है। इस मिल से जनपद अलीगढ़ व हाथरस के हजारों किसान प्रभावित होते हैं। पिराई सत्र 2018-19 में मिल की मशीनों द्वारा बार-बार बन्द होने के कारण किसानों का गन्ना समय से व पूर्ण रूप से पिराई नहीं हो पाया है। जिसके कारण हजारों किसान प्रभावित हुए हैं। अतः इसकी क्षमता कम से कम 3500 टी0सी0डी0 होना आवश्यक है। जनपद अलीगढ़ एवं हाथरस में पूर्व में भारी मात्रा में गन्ने का उत्पादन होता था। यह क्षेत्र गन्ना उपज के लिये काफी अनुकूल है। मिल को लाभकारी स्थिति में लाने के लिये क्षमता बढ़ोत्तरी के साथ डिस्टिलरी यूनिट, एथेनाल प्लान्ट एवं पावर प्लान्ट जनहित में लगाया जाना अति आवश्यक है।

अतः इस लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय पर सदन के माध्यम से शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जनहित में सहकारी चीनी मिल साथा की क्षमता बढ़ोत्तरी के साथ डिस्टिलरी यूनिट एथेनाल प्लान्ट एवं पावर प्लान्ट लगवाने की मांग करता हूं।]

जनपद देवरिया के विधान सभा क्षेत्र रामपुर कारखाना अन्तर्गत करौंदी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री कमलेश शुक्ल-

[मान्यवर, जनपद देवरिया के विधान सभा क्षेत्र 339-रामपुर कारखाना अन्तर्गत लाहिल पार करौंदी मार्ग को प्रधानमंत्री सड़क योजना से लोक निर्माण विभाग में हस्तान्तरण किये जाने

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, देवरिया के द्वारा प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग को प्रेषित पत्र संख्या-399/ग्र0अ0वि0/मार्ग हस्तान्तरण/पी0आई0यू0 देवरिया/2019-20, दिनांक 23-12-2019 संलग्न जांच कमेटी के आख्या के पश्चात् जांच अनुरक्षण अवधि में लाहिल पार चौराहे से करौंदी मार्ग को लोक निर्माण विभाग में हस्तान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराया जाना नितान्त आवश्यक है क्योंकि उक्त मार्ग बिहार प्रान्त की सीमा को जोड़ने का एक मुख्य मार्ग है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोकमहत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए शीघ्रातिशीघ्र उक्त मार्ग के नवीनीकरण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र रामपुर मनिहारन के अन्तर्गत गांव टपरी एवं सडोली हरिया पर रपटा (पुलिया) बनाकर सैकड़ों किसानों की जान माल की रक्षा किये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री देवेन्द्र कुमार निम-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि मेरी विधान सभा क्षेत्र रामपुर मनिहारन जनपद सहारनपुर के गांव टपरी एवं सडोली हरिया के आस-पास किसानों की जमीन नदी के दूसरे छोर पर है जिससे किसानों को खेती करने के लिये जान जोखिम में डालकर नदी क्रास करके अपने खेतों तक जाना पड़ता है। कभी-कभी तेज बहाव के कारण किसान नदी के बहाव में काफी दूर तक बह जाते है तथा कभी-कभी जान-माल की भी हानि होती है। यदि गांव टपरी एवं सिडोली हरिया पर रपटा/पुलिया का निर्माण कर दिया जाता है तो समस्या से काफी राहत मिलेगी एवं जान-माल का भी बचाव होगा। जनहित में गांव टपरी एवं सडोली हरिया पर रपटा/ पुलिया का निर्माण कराया जाना नितान्त आवश्यक है।

अतः मैं आपके माध्यम से लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद रामपुर के विधान सभा क्षेत्र मिलक शाहाबाद के अन्तर्गत कन्या डिग्री कालेज बनवाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्रीमती राजबाला-

[मान्यवर, आपसे अनुरोध है कि मेरी विधान सभा क्षेत्र-38, मिलक-शाहाबाद, जनपद रामपुर की तहसील मिलक में कोई कन्या डिग्री कालेज नहीं है जिस कारण लड़कियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु बहुत दूर जाना पड़ता है।

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

अतः मैं सदन के माध्यम से मांग करती हूं कि कृपा करके लड़कियों के लिये उच्च शिक्षा हेतु एक डिग्री कालेज बनवाने का कष्ट करें।]

जनपद शाहजहांपुर के विकास खण्ड जैतीपुर के अन्तर्गत ग्राम गढ़ियारंगीन की अंदरूनी मार्ग का मरम्मत एवं डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

प्रिन्स वीर विक्रम सिंह -

[मान्यवर, अवगत कराना है कि जनपद शाहजहांपुर के मेरे विधान सभा क्षेत्र 131, कटरा विकास खण्ड जैतीपुर तहसील तिलहर के ग्राम गढ़ियारंगीन की अंदरूनी मार्ग में डामरीकरण पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है जिसे अभी तक किसी भी योजना के तहत मरम्मतीकरण नहीं कराया गया है। जिससे आवागमन में नागरिकों को काफी असुविधा हो रही है। जिसकी शिकायत जिले स्तर पर क्षेत्रवासियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों से की गई परन्तु उनके स्तर से कोई भी कार्रवाई आज तक नहीं की गई है जिससे जनता को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय जनता की लोक महत्व के इस प्रकरण पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद मथुरा में ठण्ड के भीषण प्रकोप से जनमानस को बचाने हेतु प्रशासन द्वारा निष्क्रियता दिखाये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री श्याम सुन्दर शर्मा-

[मान्यवर, इस सदन के माध्यम से मैं बताना चाहता हूं कि मौसम के बदलाव और कड़ाके की ठंड पड़ने की आशंका से पहले ही बचाव और राहत के कदम उठाये जाते हैं लेकिन इस सरकार में गरीबों के लिये रैन बसेरा नाम मात्र के रह गये हैं। वहां भी दरी गद्दे कंबलों का इंतजाम नहीं है। जिलो से हांड़ कंपा देने वाली ठंड में लोगों के मरने की खबरें आ रही हैं।

मान्यवर, हमारे जिले में ही न तो पर्याप्त रैन बसेरे हैं न ही उन रैन बसेरों में समुचित सुविधायें हैं। प्रशासन की सुस्ती व लापरवाही के कारण ठंड से लोग मर रहे हैं। शीत प्रकोप में अलाव जलाने की व्यवस्था इस सरकार द्वारा नहीं की जा रही है। वी0आई0पी0 कार्यक्रमों में जो कम्बल इत्यादि बांटे भी जाते हैं समाचार पत्रों के अनुसार मांट क्षेत्र में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद वापस ले लिये जा रहे हैं।

अस्तु इस लोक हित के अविलम्बनीय विषय पर मैं सदन के माध्यम से सरकार से कार्रवाई की मांग करता हूं।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

बरेली सदर के अन्तर्गत कतिपय सड़कों एवं नालियों का शीघ्र निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

डॉ0 अरुण कुमार-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि बरेली एक महानगर है, स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत चयन हो चुका है। मेरी शहर विधान सभा जो पूर्ण रूप से महानगर का हिस्सा है। बहुत सी सड़कें आज भी कच्ची तथा टूटी पड़ी हैं तथा नालियां नहीं हैं। जिससे आम जनता को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। थोड़ी सी बरसात होने पर सड़क पर पानी भर जाता है। बच्चों को स्कूल जाना मुश्किल पड़ जाता है। जनहित में उक्त सड़कों तथा नालियों का शीघ्र निर्माण कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व एवं जनहित के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र महादेवा के अन्तर्गत कतिपय विकास खण्डों में तटबन्ध एवं पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री रवि कुमार सोनकर-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि मेरे विधान सभा क्षेत्र 311-महादेवा, जनपद-बस्ती के अन्तर्गत (1) कलवारी-रामपुर तटबन्ध के सुरक्षा हेतु तटबंध के किमी0-14.200 से किमी0-14.800 के मध्य 600 मी0 में रिवेटमेंट/लान्चिंग एप्रन, पिचिंग एवं परक्यूपाइन के द्वारा स्पिल बन्द करने के कार्य (2) कलवारी-रामपुर तटबन्ध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण, पुनरुस्थापना एवं ब्रिक सोलिंग के कार्य (3) जनपद बस्ती के ग्राम मईपुर, महुआपार एवं गंगापुर के पास घाघरा में बालू अत्यधिक जमा होने के कारण ग्राम के पास कटान बढ़ गई है जिसके सुरक्षा हेतु ड्रेजिंग करवाने (4) वि0ख0-कुदरहा के ग्राम दोफडा में पुल निर्माण हेतु संस्तुति प्रदान करने (5) वि0ख0-कुदरहा के ग्राम सभा चकदहा राजस्व ग्राम सुभावपुर में पुल निर्माण की संस्तुति प्रदान किया जाना अति आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद सीतापुर के तहसील महमूदाबाद के अन्तर्गत पैंतेपुर पुल से कैशवारा डामर तक स्वीकृत रोड का कार्य पूर्ण एवं भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा-

[मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान लोक महत्व के विषय की ओर दिलाना चाहता हूं कि जनपद सीतापुर के तहसील महमूदाबाद के अन्तर्गत पैंतेपुर पुल से कैशवारा डामर

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

रोड जोकि त्वरित विकास योजना के अन्तर्गत 2016 में स्वीकृत की गई थी, जिसका टेण्डर व एग्रीमेन्ट हो करके कार्य शुरू हो गया था, गिट्टी का कार्य पूर्ण होने के बावजूद अधूरा पड़ा है। अधूरे कार्य को पूर्ण कराकर भुगतान कराया जाना जनहित में आवश्यक है। उक्त कार्य अधूरा होने के कारण क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में काफी असुविधा होती है। ऐसी स्थिति में उक्त कार्य को जनहित में कराया जाना नितान्त आवश्यक है।

अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय को सदन के संज्ञान में लाते हुए उपरोक्त अधूरे कार्य के निर्माण कार्य को कराये जाने हेतु सरकार से मांग करता हूं।]

जनपद प्रतापगढ़ के विधान सभा क्षेत्र रामपुर खास के अन्तर्गत ट्रान्सफार्मर्स को अपग्रेड एवं जर्जर तारों को बदलवाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-

[मान्यवर, आज बिजली विकास का पर्याय बन गई है, चाहे सिंचाई के संसाधन हो, कल कारखानें हो अथवा प्रकाश की व्यवस्था सहित अन्य कार्य हों-आज सभी कुछ बिजली पर निर्भर कर रहा है, यूं कहा जाय कि बिजली के बगैर विकास की कल्पना करना भी असम्भव है, तो शायद अतिशयोक्ति नहीं होगी।

जनपद प्रतापगढ़ के अन्तर्गत मेरे निर्वाचन क्षेत्र **रामपुर खास** के काफी बड़े हिस्से का विद्युतीकरण लगभग **30-35 साल** पहले हुआ था, इतने लम्बे समय पूर्व खींचे गये बिजली के तार जर्जर हो गये हैं जो प्रायः टूट जाते हैं। तारों के टूट जाने से जहां विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है वहीं कभी-कभी इन तारों की चपेट में आने से फसलों में आग भी लग जाती है और करन्ट से लोगों की या पशुओं की मौत भी हो जाती है। **अतः जर्जर तारों को अतिशीघ्र बदला जाना आवश्यक है।**

इसके अलावा पहले से जो ट्रान्सफार्मर्स लगाये गये हैं, उन पर लोड अधिक हो गया है ऐसी स्थिति में ट्रान्सफार्मर्स प्रायः जल जाते हैं क्योंकि गांवों में पहले की अपेक्षा बिजली के कनेक्शन की संख्या बढ़ गई है और सिंचाई के लिये लोगों ने काफी मात्रा में नलकूप भी लगवा लिये हैं ऐसी स्थिति में **समस्या के समाधान हेतु लगे हुए ट्रान्सफार्मर्स को अपग्रेड किया जाना चाहिये और जहां आवश्यकता हो वहां पर II Point ट्रान्सफार्मर लगाया जाना चाहिये** जिससे पर्याप्त में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

अतः लोक महत्व के इस अविलम्बनीय प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्रवाई की मांग करती हूं।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद कौशाम्बी के विधान सभा क्षेत्र के मंझनपुर अन्तर्गत बडहरी गांव के भरत नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री लाल बहादुर-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि मेरी विधान सभा क्षेत्र 252-मंझनपुर, जनपद कौशाम्बी के अन्तर्गत बडहरी गांव में बरसात के दिनों में भरत नदी में पानी भर जाने के कारण गांव का आवागमन रुक जाता है, जिससे ग्रामवासियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जनहित में बडहरी गांव के भरत नदी पर पुल निर्माण किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व एवं जनहित के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए बडहरी गांव के भरत नदी पर पुल निर्माण कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र कटेहरी के अन्तर्गत प्रतापपुर चर्मुखा को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री लाल जी वर्मा-

[मान्यवर, विधान सभा क्षेत्र कटेहरी, जिला-अम्बेडकरनगर में कटेहरी (प्रतापपुर चर्मुखा), जिसकी आबादी लगभग 20 हजार है, वहां पर विकास खण्ड मुख्यालय तथा रेलवे स्टेशन भी है। कई महाविद्यालय एवं इण्टर कालेज भी स्थित हैं परन्तु नगर पंचायत नहीं होने के कारण आज जनता को अनेक नागरिक सुविधायें नहीं मिल पा रही हैं।

अस्तु इस लोक महत्व के तात्कालिक प्रश्न पर सरकार का ध्यान आकर्षित कराते हुए कटेहरी को नगर पंचायत बनाये जाने की मांग करता हूं।]

जनपद बरेली के अन्तर्गत कस्बा शाही एवं दिनरा-मिर्जापुर के बीच किच्छा नदी पर एप्रोच रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

डॉ0 डी0 सी0 वर्मा-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि जनपद बरेली के कस्बा शाही एवं दिनरा-मिर्जापुर के बीच किच्छा नदी पर 2018 में बाढ़ द्वारा कटान होने के कारण पुल बन्द पड़ा है। जनहित में एप्रोच रोड बनवाकर पुल पर आवागमन शुरू कराना अत्यन्त आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व एवं जनहित के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र रुदौली के अन्तर्गत मवई आई0टी0आई0 के भवन निर्माण हेतु अवशेष धनराशि अवमुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री राम चन्द्र यादव-

[मान्यवर, जनपद अयोध्या, विधान सभा क्षेत्र रुदौली के अन्तर्गत मवई आई0टी0आई0 की स्थापना हेतु कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डी0एस0 को भवन निर्माण हेतु विगत वर्षों में धनराशि अवमुक्त की गई थी। अवमुक्त धनराशि को कार्यदायी संस्था द्वारा भवन निर्माण में प्रयुक्त कर ली गई है, अवशेष धनराशि की मांग भी की गई है परन्तु अभी तक अवशेष धनराशि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय, उ0प्र0 द्वारा नहीं दी गई जिसके कारण आई0टी0आई0 मवई में शिक्षण कार्य नहीं शुरू हो पा रहा है। मवई आई0टी0आई0 के भवन निर्माण हेतु अवशेष धनराशि अविलम्ब अवमुक्त किये जाने की आवश्यकता है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए मवई आई0टी0आई0 के निर्माण को पूर्ण कराये जाने हेतु अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद बस्ती के कतिपय ग्रामों में सरकार द्वारा शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु स्थापित नवनिर्मित ओवरहेड टैंक के निर्माण की टी0ए0सी0 जांच कराये जाने तथा जल रिसाव एवं ग्रामीणों को पेयजल कनेक्शन न दिये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री संजय प्रताप जायसवाल-

[मान्यवर, प्रदेश सरकार द्वारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये जनपद बस्ती के विकास क्षेत्र सल्टौआ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोरखर में ओवरहेड टैंक का निर्माण वर्ष 2010-11 में कराया गया था। ओवरहेड टैंक बनने से गांव वालों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल की उम्मीद थी परन्तु नौ साल बीत गये न तो ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का कनेक्शन ही दिया गया और न ही टोटी से एक बूंद पानी टपका। ट्रायल के दौरान ही ओवरहेड टैंक के नीचे हिस्से से पानी का रिसाव होने लगा था। टैंक के निर्माण से लगभग 5000 की आबादी को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किये जाने की व्यवस्था बनाई गई थी परन्तु विभाग के कार्यशैली में लापरवाही देखते हुए जनता की उम्मीद एवं उत्साह पर पानी फिर गया।

उक्त सम्बन्ध में ग्रामीणों द्वारा जल निगम के अधिकारियों तथा अवर अभियन्ता आदि को अवगत कराया गया। तहसील दिवसों में भी निर्मित एवं निर्माणाधीन ओवरहेड टैंकों के सम्बन्ध में शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं परन्तु अधिकारियों के द्वारा शीघ्र टैंक के जल रिसाव को ठीक कराने के लिये आश्वासन ही दिया जाता रहा है और न ही शुद्ध पेयजल का कनेक्शन ही दिया गया। विभाग की इस लापरवाही से जनता में बड़ा ही आक्रोश व्याप्त है। ओवरहेड टैंक के जल रिसाव को ठीक कराकर जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है।

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

इसी प्रकार मेरे विधान सभा क्षेत्र नरखोरिया, अमरौली, शुमाली, महुआर, आदमपुर, मझारी आदि गांवों में निर्मित तथा निर्माणाधीन शुद्ध पेयजल हेतु लगाये जा रहे ओवरहेड टैंक के गुणवत्ता के सम्बन्ध में मेरे क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई, जिसकी टी0ए0सी0 जांच कराकर अकुशल ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है। प्रकरण अति लोक महत्व का है।

अतः लोक महत्व के इस अविलम्बनीय प्रश्न पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

फिरोजाबाद सदर अन्तर्गत प्रदीप नगर के ढोलपुरा पर एस0 गोपाल इण्डस्ट्रीज से लेकर अमित रिसॉर्ट तक सर्विस रोड बनाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री मनीष असीजा-

[मान्यवर, फिरोजाबाद नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत प्रदीप नगर के सामने ढोलपुरा रोड पर एस0 गोपाल इण्डस्ट्रीज से लेकर अमित रिसॉर्ट तक सर्विस रोड की सड़क पिछले 2 वर्षों से अत्यन्त जर्जर स्थिति में है। इस प्रमुख मार्ग पर 3-4 फीट गहरे गड्ढे हो गये हैं एवं 12 महीने जलभराव रहता है। इस अत्यन्त व्यस्त एवं मुख्य मार्ग पर फिरोजाबाद की प्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार के द्वारा अनेकों बार पुरस्कृत प्रमुख निर्यातक इकाइयां भी संचालित होती हैं, जिनमें हजारों श्रमिकों को रोजगार मिलता है एवं सरकार को प्रतिवर्ष कर एवं विदेशी मुद्रा के रूप में करोड़ों रुपये की धनराशि प्राप्त होती है। इस क्षेत्र में निवास करने वाले नागरिकों, दुकानदारों, निर्यातकों, औद्योगिक इकाइयों एवं मार्ग से गुजरने वाले नागरिकों के साथ आये दिन दुर्घटनायें घटित होती रहती हैं। लम्बे समय से नगर निगम, फिरोजाबाद के इस महत्वपूर्ण मार्ग को बनाये जाने की मांग करी जाती रही है।

इस मार्ग पर रहने वाले नागरिकों, निर्यातकों, औद्योगिक इकाइयों एवं यहां से गुजरने वाले राहगीरों, वाहनों आदि को होने वाली असुविधा से बचाने के लिये इस मार्ग के निर्माण की अनिवार्यता में आवश्यकता है।

अतः मैं आपके माध्यम से लोक महत्व के इस अविलम्बनीय विषय की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए तत्काल प्रभाव से फिरोजाबाद में ढोलपुरा पर एस0 गोपाल इण्डस्ट्रीज से लेकर अमित रिसॉर्ट तक के अत्यन्त जर्जर एवं जल भराव वाले सर्विस रोड के निर्माण कराये जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूं।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद बरेली के कतिपय नगर पंचायतों में जानवरों के अवैध कटान एवं दोषियों के खिलाफ जांच कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री बहोरन लाल मौर्य-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि जनपद बरेली के ग्राम तिलियापुर थाना-सीवीगंज, नगर पंचायत-रिच्छा, थाना देवरनिया, नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी, थाना फतेहगंज पश्चिमी, जनपद बरेली में प्रतिबन्धित जानवरों का अवैध कटान किया जा रहा है। जनहित में अवैध कटान को रोका जाना एवं दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किया जाना आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व एवं जनहित के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद महाराजगंज के विधान सभा क्षेत्र नौतनवां के अन्तर्गत जमींदारी पुल का नवनिर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अमन मणि त्रिपाठी-

[मान्यवर, हमारे विधान सभा क्षेत्र में एक अत्यन्त महत्वपूर्ण सड़क मोहनापुर बाजार से लोटन बाजार सिद्धार्थनगर को जोड़ती है उसके बीच में राजधानी गांव के पास जमींदारी पुल टूट जाने से लगभग 20 किलोमीटर का यह मार्ग बाधित पड़ा हुआ है लोग इस समस्या से पीड़ित हैं। आने-जाने का रास्ता पुल टूट जाने से पूरी तरह से बाधित है। अविलम्बनीय लोक महत्व का प्रश्न है इस पर सदन के अन्दर चर्चा कराया जाना इस समस्या का निदान का आश्वासन मिलना अत्यंत आवश्यक है। नियम-301 में इसकी सुनवाई सुनिश्चित कराने की कृपा करें।]

गोरखपुर महानगर में देवरिया रोड पर नगर विकास विभाग के अन्तर्गत जल निगम द्वारा बनाये जा रहे नाले के सन्दर्भ में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल-

[मान्यवर, पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी के शासनकाल में गोरखपुर महानगर में भीषण जल जमाव को देखते हुए देवरिया रोड पर बसुंधरा नाले से लेकर तुर्रा नाले तक 6 कि0मी0 लम्बा नाला रु0 16 करोड़ की लागत से स्वीकृत हुआ था। स्वीकृति जारी करने के पहले इस नाले की टेक्नोबायोबिलिटी तथा कास्ट बेनीफिट्स की मूलभूत जांच नहीं करायी गयी और वहां की भू-परिस्थिति का मूल्यांकन कराये बिना आर्थिक कारणों से बड़े आगणन का प्रोजेक्ट सेंक्शन कर दिया।

नियमों के तहत यदि किसी निर्माण कार्य में दूसरे विभाग की तथा विशेष रूप से वन विभाग की जमीन आती है तो वन सम्पदा को होने वाले संभावित नुकसान का पर्यावरणीय अध्ययन तथा वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिये बिना न तो कार्य की स्वीकृति दी जा सकती है और न ही कार्य प्रारम्भ कराया जा सकता है लेकिन सुनियोजित षडयंत्र के तहत इस

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

तथ्य को छिपा लिया गया कि 6 कि0मी0 लम्बे इस नाले का 2 कि0मी0 हिस्सा कुसुम्ही जंगल से सट कर गुजरेगा और काम शुरू करा दिया गया। फलस्वरूप वन विभाग के द्वारा आपत्ति प्रकट करने पर विगत 2 वर्षों से काम रुका रहा।

देवरिया रोड पर पानी नंदा नगर से लेकर एयरफोर्स और दसवीं कालोनी का पानी उत्तर की तरफ से बहता हुआ, प्राकृतिक ढाल के अनुरूप दक्षिण के तरफ आता है लेकिन नाले का ढाल पश्चिम से पूरब की तरफ बनाया गया। बसुन्धरा मोड़ से सिर्फ 1 कि0मी0 पूर्व की तरफ 15 एम0एल0डी0 का सीवरेज ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट संचालित है और सिर्फ रु0 3 करोड़ की लागत पर यह नाला उसमें खुल सकता था, जिसकी वाटर हार्वेस्टिंग में महत्वपूर्ण भूमिका होती। प्रतिदिन लाखों लीटर पानी बरबाद होने से बचता तथा शुद्धीकृत जल गोरखपुर के नागरिकों के प्रयोग में भी आता लेकिन सिर्फ एक बड़ा बिल बनाकर धन का आपराधिक दुर्विनियोग करने की दृष्टि से नाले का बसुन्धरा मोड़ से 6 किमी0 दूर तुर्रा नाले में मिलाया गया जिससे लागत रु0 3 करोड़ से बढ़कर रु0 16 करोड़ हो गयी। ठेकेदारी का आवंटन जल निगम के एक कुख्यात रहे ओ0एस0डी0 श्री आफाक अहमद और नगर विकास विभाग के तत्कालीन प्रमुख सचिव श्री एस0पी0 सिंह द्वारा किया गया। गोरखपुर के समाजवादी पार्टी के एक बड़े नेता ने इस ठेके का बड़ा हिस्सा प्राप्त किया। तुर्रा नाला, राप्ती नदी की एक ट्रीब्यूटरी है और हर बरसात में राप्ती नदी का पानी, तुर्रा नाला होते हुए कुसुम्ही जंगल तथा एयरपोर्ट के सामने के क्षेत्रों से गुजरते हुए देवरिया रोड पर आता है और आश्चर्यजनक तरीके से इस नाले का उसी तुर्रा नाले में मिलाया जा रहा है। न तो नाले की डिजाइनिंग करते समय तुर्रा नाले का हाईयेस्ट फ्लड लेविल (एचएलएफ) अर्थात बाढ़ में पानी का उच्चतम स्तर चेक किया और न ही प्रस्तावित अप्राकृतिक नाले को प्राकृतिक तुर्रा नाले की जगह रेगुलेटर की व्यवस्था की गई। फलस्वरूप नाला बन जाने के बाद बाढ़ के दौरान देवरिया रोड के पानी के तुर्रा नाले में बहने की जगह राप्ती नदी के तुर्रा नाला और निर्माणाधीन नाले होते हुए बहुत तेजी से महानगर में घुसने की तकनीकी सम्भावना है। अगर ऐसा होता है तो गुरूग तिराहे के पूर्व के लाखों नागरिकों को तबाही झेलनी होगी।

हमने जल निगम 14वीं इकाई के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री ए0के0 सिंह को जुलाई, 2019 में मौके पर ले जाकर विस्तृत रूप से अपनी तकनीकी आपत्ति दर्ज कराई और मा0 नगर विकास मंत्री को लिखित पत्र भी उनके पास था। लेकिन श्री सिंह ने 6 महीने में हमारे द्वारा उठाई गई आपत्तियों की कोई लिखित समाधान/जवाब नहीं दिया। जुलाई, 2019 में यह विषय हमने विधान सभा में भी उठाया था इसलिये यह विभाग के द्वारा एक विधायक के विशेषाधिकार का हनन तथा मा0 विधान सभा की अवमानना भी है। श्री सिंह आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उनका अन्तिम भुगतान किये जाने के पूर्व विभागीय दायित्वों के निर्वहन में असफलता तथा अनुत्तरदायित्वपूर्ण विभागीय कार्यवाही संस्थापित की जानी चाहिये।

अतः लोक महत्व के इस निश्चित तथा अत्यन्त आवश्यक तात्कालिक विषय पर नियम-301 के तहत विधान सभा में उठाने की अनुमति प्रदान करें तथा सरकार को जवाब देने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें।

जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी के अन्तर्गत जैतपुर को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री बृजभूषण राजपूत उर्फ गुड्डू भइया-

[मान्यवर, मेरी विधान सभा 231-चरखारी (महोबा) में के ग्राम पंचायत जैतपुर को नगर पंचायत बनाना अत्यन्त आवश्यक है। यहां की आबादी लगभग 25 हजार से अधिक है। यहां पर 75 प्रतिशत से अधिक आबादी व्यवसायिक गतिविधियों में सम्मिलित है। यहां पर बैंक, डिग्री कालेज, इण्टर कालेज एवं खादी का मुख्य केन्द्र भी है। जनता की मांग पर जिला स्तर को प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित किया जा चुका है किन्तु अभी तक नगर पंचायत घोषित नहीं किया गया है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद पीलीभीत के अन्तर्गत कतिपय गांवों में 33/11 के0वी0ए0 के विद्युत उपकेन्द्र स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अगयश राम सरन वर्मा-

[मान्यवर, जनपद पीलीभीत के अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति में अनेकानेक अव्यवस्थाएं होने के कारण व्यवधान रहता है। अनेकों परिक्षेत्रों में से गांव श्यामपुर परिक्षेत्र भी 33/11 के0वी0ए0 के विद्युत उपकेन्द्र के अभाव में विद्युत आपूर्ति से वंचित है। इसी प्रकार गांव रम्बोझा परिक्षेत्र भी 33/11 के0वी0ए0 के अभाव में विद्युत आपूर्ति से दूरवर्ती परिक्षेत्र के होने के कारण विद्युत आपूर्ति से विमुख है। साथ ही साथ गांव नौगवां उर्फ नवीनगर भी दूरवर्ती परिक्षेत्र होने के कारण विद्युत आपूर्ति से उपेक्षित है यहां भी 33/11 के0वी0ए0 का विद्युत उपकेन्द्र होना आवश्यक है।

उपरोक्त तीनों स्थलों गांव श्यामपुर, गांव रम्बोझा तथा गांव नौगवां उर्फ नवीनगर में अपेक्षित भूमि की उपलब्धता है जिन्हें कि प्रस्तावित भी किया जा चुका है। विद्युत आपूर्ति निरन्तर प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हो तथा विद्युत उपभोक्ताओं के विशेषाधिकार का हनन न हो इसलिए उपरोक्त तीनों स्थलों पर 33/11 के0वी0ए0 के विद्युत उपकेन्द्र अधिष्ठापित किया जाना आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के इस विषय पर सदन में चर्चा करायी जाय तथा उक्त तीनों स्थलों गांव श्यामपुर, गांव रम्बोझा तथा गांव नौगवां उर्फ नवीनगर में 33/11 के0वी0ए0 के विद्युत उपकेन्द्र अधिष्ठापित कराये जाने की भी कृपा की जाये।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र अकबरपुर के अन्तर्गत शारदा सहायक नहर की पिच मार्ग से ग्राम सभा रम्मनपुर तक सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री राम अचल राजभर-

[मान्यवर, जिला-अम्बेडकरनगर की विधान सभा क्षेत्र 281, अकबरपुर के विकास खण्ड-अकबरपुर के अन्तर्गत शारदा सहायक नहर की पिच मार्ग से ग्राम सभा रम्मनपुर के राम चन्दर वर्मा के खेत से ओम प्रकाश के आवास तक (ल0 लगभग 1.0 कि0मी0) की सड़क अत्यन्त जर्जर एवं क्षतिग्रस्त है जिससे क्षेत्रीय जनता को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय जनता द्वारा उक्त क्षतिग्रस्त जर्जर मार्ग का पिच निर्माण कराये जाने हेतु कई बार अनुरोध किया गया है, परन्तु अभी तक क्षतिग्रस्त जर्जर सड़क का पिच निर्माण नहीं हो सका है, जिससे क्षेत्रीय जनमानस में अत्यधिक आक्रोश व्याप्त है।

अस्तु इस सम्मानित सदन का ध्यान एक अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।]

जनपद उन्नाव के ब्लाक सफीपुर के अन्तर्गत ओसिया सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री बम्बा लाल-

[मान्यवर, सादर अवगत कराना है कि ब्लाक सफीपुर, जनपद उन्नाव के अन्तर्गत ओसिया सम्पर्क मार्ग लगभग 4.50 किलोमीटर तक सड़क अत्यन्त खराब है। उस क्षेत्र की जनता को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस सड़क को विशेष मरम्मत कराये जाने से सम्बन्धित आगणन/प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन में विचाराधीन है। यह कार्य कराया जाना नितान्त आवश्यक है। यह लोक महत्व का विषय है।

अतः आपसे अनुरोध है कि लोक महत्व के प्रश्न को स्वीकार करते हुए प्राथमिकता के आधार पर ब्लाक सफीपुर जनपद उन्नाव के अन्तर्गत ओसिया सम्पर्क मार्ग लगभग 4.50 किलोमीटर तक विशेष मरम्मत का आगणन/प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन स्तर पर लम्बित है। उस सड़क का शीघ्र निर्माण कार्य कराये जाने हेतु आदेश देने का कष्ट करें।]

जनपद फतेहपुर के निहाल अहमद निवासी लल्लू मियां की जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्रीमती जय देवी-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि निहाल अहमद निवासी-लल्लू मियां की कोठी पनी शहर, कस्बा-फतेहपुर दक्षिण, परगना-फतेहपुर, तहसील-फतेहपुर सदर, जनपद-फतेहपुर की

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

खतौनी के खाता संख्या-750, 778, 779, 783 की 0.0650 हेक्टेयर भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल फतेहपुर को कई-कई बार प्रार्थना-पत्र दिये गये हैं, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गयी निहाल अहमद का परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है।

अतः अनुरोध है कि जिलाधिकारी, फतेहपुर को आदेशित कर उक्त भूमि की माप कराकर निहाल अहमद के साथ न्याय कर उनकी भूमि पर कब्जा दिया जाये तथा भू-माफियाओं को दण्ड दिलाने की कृपा करें।]

जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र घोसी के अन्तर्गत ग्राम सभा कसारा में खेल के मैदान की बाउण्ड्रीवाल व खेल सामग्री उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री विजय कुमार राजभर-

[मान्यवर, घोसी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा कसारा में स्थित खेल का मैदान जो जीर्ण-शीर्ण हालत में पड़ा है। खेल मैदान पर भू-माफियाओं की निगाह कब्जा करने की नियत से लगी हुई है और खेल मैदान के अगल-बगल के युवा खिलाड़ियों को बहुत ही दिक्कत हो रही है, जिसको ध्यान में रखकर उपरोक्त खेल मैदान की बाउण्ड्रीवाल बनाकर सुरक्षित करना व खेल सामग्री उपलब्ध कराना जनहित में अति आवश्यक कार्य है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत आपके माध्यम से अविलम्बनीय लोक महत्व के इस प्रश्न पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए वक्तव्य दिलाए जाने की मांग करता हूं।]

जनपद जौनपुर के अन्तर्गत एन0एच0-56 (मिश्रौली) बघाड़ी कला इमिलिया घाट से पट्टी नरेन्द्रपुर होते हुए लखनऊ-बलिया मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री रमेश चन्द्र मिश्र-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि गोमती नदी पर माननीय मुख्य मंत्री जी के आशीर्वाद से नवनिर्मित इमिलिया घाट पुल पूर्ण हो चुका है जोकि 3 जनपदों जौनपुर, सुल्तानपुर एवं प्रतापगढ़ को जोड़ता है। उक्त पुल के बन जाने से इस मार्ग पर आवागमन बहुत ज्यादा बढ़ गया है। इस मार्ग की चौड़ाई बहुत ही कम है, जिससे आम जनमानस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग का विवरण निम्न है :-

1-एन0एच0-56 फोरलेन (मिश्रौली) बघाड़ी कला इमिलिया घाट से पट्टी नरेन्द्रपुर होते हुए लखनऊ-बलिया मार्ग तक लम्बाई लगभग 25 किमी0।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व एवं जनहित के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद वाराणसी के विधान सभा क्षेत्र अजगरा के अन्तर्गत पूर्वांचल विकास निधि राज्यांश के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री कैलाश नाथ सोनकर-

[मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि मेरे विधान सभा क्षेत्र 385-अजगरा में पूर्वांचल विकास निधि राज्यांश योजनान्तर्गत नए पिच रोड निर्माण विषयक सूचना के पत्र संख्या-424/सी0डी0ओ0, दिनांक 16-08-2019 जो मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी को सम्बोधित है, उस पर अब तक क्या कार्रवाई हुई, साथ ही किसान हित की मंशा को भी पूरा करेगा।

अतः इस लोक महत्व के अविलम्बनीय विषय पर मैं सदन के माध्यम से जनपद-वाराणसी के 385, अजगरा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कार्य को कराने की मांग करता हूं।]

जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र ऊंचाहार के अन्तर्गत अड्डा से कल्यानी एवं गंगा विशुनपुर सड़क निर्माण के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री मनोज कुमार पाण्डेय-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि मेरी विधान सभा क्षेत्र ऊंचाहार में अड्डा से कल्यानी सम्पर्क मार्ग एवं गंगा विशुनपुर मार्ग जोकि 20 वर्ष पूर्व किसी विभाग द्वारा अधूरा बनाया गया था तबसे आज तक उसी स्थिति में है। जबकि उक्त मार्ग से लगभग 6 ग्रा0पं0 के लोगों का आना-जाना है जिससे आम जनता को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

अतः जनहित में उक्त सम्पर्क मार्ग का निर्माण प्रथम वरीयता में कराने का कष्ट करें।]

बलरामपुर सदर के अन्तर्गत के0जी0एम0यू0 का सेटेलाइट सेण्टर का शिलान्यास कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री पल्टूराम-

[मान्यवर, अवगत कराना है कि बलरामपुर मुख्यालय पर प्रदेश सरकार द्वारा अटल बिहारी बाजपेयी जी के नाम के0जी0एम0यू0 का सेटेलाइट सेण्टर खोलने का निर्णय लिया है। उक्त कार्य के लिए सरकार कब शिलान्यास के लिए तिथि निर्धारित कर रही है। लोकहित में उक्त कार्य बहुत आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय जनता के लोक महत्व/जनहित के इस प्रश्न पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कार्रवाई की मांग करता हूं।]

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

समाज कल्याण विभाग मथुरा द्वारा अनियमित रूप से पिछले तीन वर्षों से मानकता पूर्ण न होने पर आई0टी0आई0, बी0एड0 पाठ्यक्रम में विद्यालयों को अनियमित रूप से फर्जी छात्रवृत्ति व फीस प्रदान करने से उत्पन्न स्थिति में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री पूरन प्रकाश-

[मान्यवर, जनपद मथुरा के अन्तर्गत पिछले तीन वर्षों से समाज कल्याण विभाग द्वारा आई0टी0आई0 पाठ्यक्रम में बिना मानकता पूर्ण किये हुए जनपद के विद्यालयों को अनियमित रूप से अनु0 जाति के विद्यार्थियों के फर्जी लिस्टों के आधार पर विद्यालयों को करोड़ों-करोड़ों रुपये सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए फर्जी कागजों के आधार पर स्कूलों को लाभ पहुंचाया जा रहा है तथा विद्यार्थियों को मार्कशीट के नाम से अवैध वसूली होती है एवं छात्रवृत्ति व फीस हड़प कर ली जाती है। जनपद मथुरा के अन्य विद्यालयों के साथ-साथ ब्लाक मथुरा, ब्लाक राया, ब्लाक बलदेव एवं ब्लाक गोवर्द्धन में मुख्य रूप से बिना मानकता के आई0टी0आई0 विद्यालय कार्यरत हैं तथा व्यक्ति विशेषों द्वारा चार-चार एवं पांच-पांच आई0टी0आई0, बी0एड0 पाठ्यक्रम दर्शाकर फर्जी संचालित हो रहे हैं। इस सम्बन्ध में अनियमितताओं के बारे में शासन को अवगत करा दिया गया है। खेद का विषय है कि इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। जनहित में हमारे क्षेत्र ब्लाक बलदेव, मथुरा, राया, फरह व ब्लाक गोवर्द्धन में आई0टी0आई0 पाठ्यक्रम व बी0एड0 पाठ्यक्रम विद्यालयों में बिना मानकता के कार्यरत हैं तथा एक ही अनुमति-पत्र से चार-चार, पांच-पांच आई0टी0आई0 तथा अन्य विद्यालय फर्जी रूप से कार्यों में दर्शाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच कराकर विद्यालयों से करोड़ों-करोड़ों रुपये की विद्यालय से रिकवरी तथा उन विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई तथा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करना आवश्यक है।

अतः नियम-301 के अन्तर्गत अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर कार्रवाई की मांग करता हूं।]

जनपद मिर्जापुर के रामपुर-गोपीगंज मार्ग पर गंगा नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में नियम-301 के अन्तर्गत सूचना

श्री रत्नाकर मिश्र-

मान्यवर, मैं सदन के माध्यम से आपका ध्यान जनपद मिर्जापुर के अन्तर्गत रामपुर एवं गोपीगंज को जोड़ने वाले मार्ग पर गंगा नदी पर सेतु का निर्माण कराये जाने की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। अवगत हैं कि जनपद मिर्जापुर एक धार्मिक दृष्टिकोण से प्रसिद्ध स्थल है यहां

नोट :-[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

मां विन्ध्यवासिनी का स्थान है जिनके दर्शन हेतु पर्यटकों एवं भक्तों का आवागमन बना रहता है। उक्त वर्णित मार्ग पर गंगा नदी पर पुल का निर्माण कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

अतः उक्त लोक महत्व के विषय पर पुल का निर्माण कराये जाने हेतु कार्रवाई की मांग करता हूं।]

(विपक्ष के सदस्यों द्वारा एक साथ बोलने पर शोर-शराबा उत्पन्न हो गया।
शोर-शराबे के मध्य)

[12:18] कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिशें विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 30 दिसम्बर, 2019 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं :-

1-संसद द्वारा पारित ''संविधान (एक सौ छब्बीसवां संशोधन) विधेयक, 2019'' के अनुसमर्थन विषयक संकल्प पर विचार एवं पारण सम्बन्धी मदें ले ली जायं।

2-प्रश्नकाल न हो।

3-नियम-56 एवं नियम-311 की सूचनाएं न ली जायं।

4-निधन के निर्देश अर्थात् निधन की सूचनाएं ले ली जायं।

5-नियम-51 एवं नियम-301 की सूचनाएं ले ली जायं।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, सहमत है।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी ने कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश सम्बन्धी जो प्रस्ताव रखा है, से यह सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया है और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।)

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या-21 में कुछ नहीं है।

[12.19] नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं

श्री अध्यक्ष-

आज दिनांक 31-12-2019 को नियम-51 के अन्तर्गत कुल 44 सूचनाएं प्राप्त हुईं, उक्त सभी सूचनाएं ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकार की गयीं :-

क्रम	नाम	विषय
1	श्री सीताराम वर्मा	जनपद सुल्तानपुर के विधान सभा क्षेत्र सदर के ग्राम सरतेजपुर स्थित राम बहादुर धाम को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने के सम्बन्ध में है,
2	श्री रवि कुमार सोनकर	जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र महादेवा में रामजानकी मार्ग से चकरैला बन्द मार्ग को खोले जाने के सम्बन्ध में है,
3	श्री दलवीर सिंह	जनपद अलीगढ़ के विधान सभा क्षेत्र बरौली अन्तर्गत स्थित सहकारी चीनी मिल से किसानों का गन्ना साबितगढ़ चीनी मिल के लिये स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में है,
4	श्री नरेन्द्र सिंह वर्मा	जनपद सीतापुर के महमूदाबाद राजाकीय इण्टर कालेज लैल खुर्द में शिक्षक व अन्य स्टाफ तथा लैब आदि की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में है,
5	श्री कमलेश शुक्ल	जनपद देवरिया के विधान सभा क्षेत्र रामपुर के अन्तर्गत गण्डक नदी के पुल पर एप्रोच रोड बनाये जाने के सम्बन्ध में है,
6	श्री पंकज गुप्ता	राजकीय संयुक्त चिकित्सालय ठाकुरगंज, लखनऊ में 20 वर्ष से अधिक समय से तैनात सीनियर लैब टेक्नीशियन द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है,
7	श्री देवेन्द्र कुमार निम	जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र रामपुर मनिहारन में प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्टॉफ की तैनाती कराये जाने के सम्बन्ध में है,
8	प्रिन्स वीर विक्रम सिंह	जनपद शाहजहांपुर के विधान सभा क्षेत्र कटरा के अन्तर्गत धान क्रय केन्द्रों पर किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है,

क्रम	नाम	विषय
9	श्रीमती राजबाला	जनपद रामपुर के विधान सभा क्षेत्र मिलक शाहाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत हुए भ्रष्टाचार की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है,
10	श्री पारसनाथ यादव	जनपद बलिया के बेल्थरा रोड के अन्तर्गत ग्राम सभा बिठवां में चौदहवें वित्त आयोग के पैसे से कार्य न कराये जाने के सम्बन्ध में है,
11	श्री अमिताभ बाजपेई	नगर निगम कानपुर द्वारा कराये गये पैचवर्क कार्यों की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है,
12	श्री शैलेन्द्र यादल ललई	जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र शाहगंज में कतिपय विद्युत उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में है,
13	श्री विरेन्द्र कुमार यादव	जनपद जौनपुर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरकपुर बरईपार में फर्जी नियुक्तियों की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है,
14	डॉ0 अरुण कुमार	जनपद बरेली में स्ट्रीट लाइट लगवाये जाने के सम्बन्ध में है,
15	श्री राजकुमार अग्रवाल	जनपद लखनऊ के सूर्यनगर में लगभग 150 मीटर नाली एवं आर0सी0सी0 सड़क के निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है,
16	श्री श्याम सुन्दर शर्मा	जनपद मथुरा के विधान सभा क्षेत्र मांट की ग्राम सभा शेरगढ़, नौहझील तथा मांट को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में है,
17	श्री सुशील कुमार शाक्य	टी0बी0 चिकित्सालय, ठाकुरगंज, लखनऊ में तैनात प्रधान सहायक एवं स्टोर कीपर के स्थानान्तरण आदेश के बाद भी कार्यमुक्त न किये जाने के सम्बन्ध में है,
18	श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'	जनपद प्रतापगढ़ के तहसील लालगंज में पेयजल सुलभ कराये जाने के सम्बन्ध में है,

क्रम	नाम	विषय
19	श्री लाल बहादुर	जनपद कौशाम्बी के विकास खण्ड मंझनपुर में स्टेडियम की मरम्मत एवं छात्रावास का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है,
20	श्री लाल जी वर्मा	प्रदेश में बुनकरों की समस्या के समाधान के सम्बन्ध में है,
21	श्री अजय कुमार लल्लू	यू0पी0पी0सी0एल0 के पी0एफ0 घोटाले की न्यायिक जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है,
22	डॉ0 डी0सी0 वर्मा	जनपद बरेली के कस्बा फतेहगंज में बस अड्डा बनवाये जाने के सम्बन्ध में है,
23	श्री राम चन्द्र यादव	जनपद अयोध्या के श्रीराम चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय सुविधायें उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में है,
24	श्री धर्मपाल सिंह	जनपद बरेली की आंवला विधान सभा क्षेत्र को जनपद घोषित कराये जाने के सम्बन्ध में है,
25	श्री पूरन प्रकाश	जनपद मथुरा के आई0टी0आई0 विद्यालयों की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है,
26	श्री संजय प्रताप जायसवाल	प्रदेश के उत्पादन लागत के अनुसार धान का समर्थन मूल्य तय किये जाने तथा सरकार द्वारा प्राइवेट धान क्रय केन्द्रों द्वारा किसानों का धान न क्रय किये जाने के सम्बन्ध में है,
27	श्री मोहम्मद असलम ''राइनी'' (एडवोकेट),	जनपद श्रावस्ती के निर्दोष लोगों पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराने एवं अवैध बालू खनन कराये जाने की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है,
28	श्रीमती सुषमा पटेल	जनपद जौनपुर के विकास खण्ड मुंगरा बादशाहपुर में पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है,
29	श्री मनीष असीजा	नगर निगम फिरोजाबाद में विद्युत अवस्थापन का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में है,

क्रम	नाम	विषय
30	श्री अमन मणि त्रिपाठी	जनपद महाराजगंज में ए0आर0टी0ओ0 द्वारा किये जा रहे ऑटो चालकों का उत्पीड़न रोके जाने के सम्बन्ध में है,
31	श्री बहोरन लाल मौर्य	जनपद बरेली के रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में वेतन विसंगति को दूर किये जाने के सम्बन्ध में है,
32	डॉ0 अनिल कुमार मौर्य	जनपद लखनऊ के थाना मड़ियांव, निवासी श्री आशीष उर्फ प्रशान्त द्वारा वरीक्षा एवं गोदभराई के उपरान्त दहेज की मांग करने एवं विवाह करने से मना करने की जांच कराये जाने के सम्बन्ध में है,
33	श्रीमती जयदेवी	प्रदेश में बेराजगारों की समस्या का समाधान किये जाने के सम्बन्ध में है,
34	श्री नील रतन सिंह पटेल ''नीलू''	जनपद प्रयागराज की तहसील करछना में जमीन की पैमाइस कराये जाने के सम्बन्ध में है,
35	श्री बृजभूषण राजपूत उर्फ गुड्डू भइया	जनपद महोबा में मेडिकल कालेज बनवाये जाने के सम्बन्ध में है,
36	श्री अगयश राम सरन वर्मा	प्रदेश के त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के सम्बन्ध में है,
37	श्री बम्बा लाल	जनपद उन्नाव के ब्लाक सफीपुर में पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है,
38	डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल	जनपद गोरखपुर में अवैधानिक कालोनियों के विरुद्ध कार्रवाई कराये जाने के सम्बन्ध में है,
39	श्री राम अचल राजभर	जनपद अम्बेडकरनगर में सड़क निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है,
40	श्री विजय कुमार राजभर	जनपद मऊ की विधान सभा क्षेत्र घोसी के अन्तर्गत इंदारा रेलवे फाटक पर आर0ओ0बी0 का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में है,
41	श्री रमेश चन्द्र मिश्र	जनपद जौनपुर की विधान सभा क्षेत्र बदलापुर में सिंचाई की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में है,

क्रम	नाम	विषय
42	श्री मनोज कुमार पाण्डेय	प्रदेश में शीतलहर से जनमानस को बचाने हेतु व्यापक कार्रवाई कराये जाने के सम्बन्ध में है,
43	श्री राजीव तरारा	जनपद अमरोहा के गजरौला में हाई-वे किनारे काटी जा रही अवैध कालोनियों को रुकवाने के सम्बन्ध में तथा
44	श्री योगेश वर्मा	जनपद लखनऊ में जोन-01 यदुनाथ सान्याल वार्ड सुन्दरबाग में चल रही अवैध डेयरियों को हटाये जाने के सम्बन्ध में है।

संसदीय कार्य मंत्री द्वारा सभी सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनायें

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मा0 अध्यक्ष जी, हम सबसे पहले सदन के सभी सदस्यों को नये साल की शुभकामनायें देते हैं। आने वाला साल सबके लिए बहुत खुशनुमा, बहुत खुशगवार गुजरे। आने वाला दिन और आने वाला महीना सभी के लिए बहुत खुशनुमा हो, बहुत खुशगवार हो।

श्री अध्यक्ष-

कृपया अपनी जगह बैठ जायें।

प्रदेश में शीतलहर से बचाव हेतु कम्बलों एवं अलाव हेतु धन अवमुक्त किये जाने की सूचना

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

माननीय अध्यक्ष जी, एक सूचना, अभी हमारे वर्मा जी ने एक बात कही थी कि मौसम बहुत ठण्डा है। पूरे प्रदेश में कम्बलों के लिए मा0 मुख्य मंत्री जी ने 19 करोड़ रुपया दिया है और उसके अलावा पूरे प्रदेश में अलाव जलाने के लिए भी धन अवमुक्त किया गया है। मान्यवर, अलाव और कम्बल की व्यवस्था शासन की तरफ से की गयी है।

सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने का प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

संसदीय कार्य मंत्री जी, प्रस्ताव करें।

संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री (श्री सुरेश कुमार खन्ना)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से यह प्रस्ताव करता हूं कि सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की जाय।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

श्री अध्यक्ष-

अब हम राष्ट्रगान के लिए खड़े होंगे।

राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।
भारत-भाग्य-विधाता।।
पंजाब-सिंध-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग।
विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,
उच्छल-जलधि-तरंग।।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे।।
गाहे तव जय गाथा।।
जन-गण-मंगलदायक जय हे,
भारत-भाग्य विधाता।।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय, जय हे।।

श्री अध्यक्ष-

अब हम अनिश्चितकाल के लिए उठते हैं।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 20 मिनट पर अनिश्चितकाल के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :
दिनांक 31 दिसम्बर, 2019

प्रदीप कुमार दुबे,
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0-61 विधान सभा (80)-06-07-2021-631 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।